सुविचार

प्यार और मौत में एक चीज समान है, दोनों ना ही उम्र देखती हैं और न ही समय..

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम ➡ निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 232 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, मंगलवार 14 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

## धारीवाल बोले- शहीद लांबा की पत्नी देवर के नाते गईः अब नौकरी मांग रही; तमाशा है क्या?

### सांसद किरोड़ी का एक्ट आतंकी जैसा

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि नियम के तहत जिसे नौकरी मिलनी होगी, उसे मिलेगी। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने पुलवामा हमले के शहीद रोहिताश लांबा की वीरांगना के देवर के नाते जाने का दावा किया। सांसद किरोड़ी लाल मीणा के एक्ट को आतंकी बता दिया। धारीवाल के वीरांगना और सांसद पर किए गए कमेंट पर बीजेपी विधायकों ने नाराजगी जताई और हंगामा कर दिया। धारीवाल ने सोमवार को सदन में कहा- रोहिताश लांबा की पत्नी का देवर तो पहले से शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। फिर वो उसके नाते चली गई। अब नाते जाकर कहती है कि मेरे देवर को नौकरी दो। भाई वाह, अजीब तमाशा है। देवर को नौकरी दो। कहीं ऐसा हुआ है। नियमों के खिलाफ किसी को नौकरी मिल गई हो।

### कोई तमाशा है क्या, बिना नियमों के कैसे मिलेगी इन्हें नौकरी

धारीवाल ने कहा कि जिसे चाहोगे उसे नौकरी देने की गैर जिम्मेदाराना बात हम कभी नहीं कर सकते हैं। नियम के तहत जिसे नौकरी मिलनी होगी, उसे मिलेगी। जो शहीद हुए, उसके दोनों बच्चे मौजूद है। कहते हैं कि देवर को नौकरी दे दो। ऐसा कभी हुआ है। क्या कभी, देवर को नौकरी दी है क्या? दी हो तो बता दीजिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में राजनीतिक रोटियां सेंकने से काम नहीं चलेगा। सारी वीरांगनाएं यहां पर आकर इकट्ठा हो गईं। एक मत से कहा- तीनों की मांगे गलत हैं। इन्हें बीजेपी के नेताओं ने सीखा रखा है। सीखाकर यहां भेजा है। उन्हीं की शह पर यह हो रहा है। इस तरह की हरकतें बंद करें। इस तरह करने से राज नहीं आएगा। जनता की सेवा करने से आएगा।

### किरोड़ीलाल का कृत्य आतंकी से कम नहीं होता

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राजनीति में रुचि लेने वाला हर व्यक्ति जानता है कि किरोड़ीलाल जिस प्रकार का कृत्य करते हैं। वह किसी आतंकी से कम नहीं होता। किरोड़ीलाल जैसा सांसद नियम जानते हुए भी नियम के खिलाफ जाकर आंदोलन करे। शांति भंग करने की कोशिश करें। कैसे बर्दाश्त करेंगे। कानून की पालना करने वाली सरकार यह कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। धारीवाल के कमेंट पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक वीरांगना के लिए यह बात कह देना कि नाते चली गई। बहुत गलत है। आप मेरा इस्तीफा रख लीजिए।

## केजरीवाल बोले- गहलोत और वसुंधरा में अच्छी दोस्ती

### जयपुर में की सभा, कहा; दोनों एक-दूसरे के लिए खड़ी कर देते हैं पार्टी




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में आम आदमी पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारी का आगाज कर दिया है। सोमवार को आप ने जयपुर में सांगानेरी गेट से अजमेरी गेट तक तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में आप संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के बाद अजमेरी गेट पर हुई जनसभा में केजरीवाल ने कहा- मैंने सुना है। वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत की अच्छी दोस्ती है। गहलोत पर आंच आती है तो वसुंधरा ने पूरी पार्टी उनके लिए खड़ी कर दी। ऐसे ही जब बीजेपी राजे पर करवाई कर रही थी तो गहलोत ने कांग्रेस उनके लिए खड़ी कर दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से आज तक राजस्थान में 48 साल कांग्रेस और 18 साल बीजेपी ने राज किया है। अब बीजेपी-कांग्रेस यह नहीं कह सकती कि हमें मौका नहीं दिया। राजस्थान का हाल बेहाल है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं। शहीदों की वीरांगनाओं को बेइज्जत किया जा रहा है। साल 1993 से अब तक बीजेपी और कांग्रेस को आपने बारी-बारी मौका दिया और बारी-बारी से दोनों ने राजस्थान को लूटा है। केजरीवाल ने कहा- कांग्रेस-बीजेपी दोनों में सेटिंग है। चुनाव में एक-दूसरे पर घोटालों के आरोप लगाते हैं। चुनाव बाद एक आदमी पर भी करवाई नहीं करते हैं। हमारी सेटिंग जनता से है। हम दोनों मोसेरे भाइयों के घोटालों की पोल खोलेंगे। मनीष सिसोदिया को इसलिए जेल भेजा, क्योंकि वह गरीबों के बच्चों को फ्री में पढ़ा रहे हैं। जो काम हमने दिल्ली में किया वो काम अब पंजाब में हो रहा है। एक साल में 27000 सरकारी नौकरी दी। संविदाकर्मियों को नियमित कर दिया। क्या आप चाहते हैं राजस्थान में ऐसा होना चाहिए।

### मान बोले- किस्मत बदलनी है तो ईवीएम में बटन बदलो

सभा में पंजाब सीएम मान ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी की सफाई के लिए भगवान ने झाड़ू भेजी है। राजस्थान की जनता भी झाड़ू चलाने के लिए तैयार में बैठी है। अब राजस्थान में तीसरा विकल्प आ गया है। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी बनी थी तो कांग्रेस-बीजेपी वाले केजरीवाल को गाली देते थे। कहते थे की चुनकर आओ। अब हम चुनकर आए है तो कांग्रेस-बीजेपी सड़कों पर आ गई है। मान ने कहा कि किस्मत बदलनी है तो ईवीएम में बटन बदलो। वहीं, आपके बच्चों की किस्मत को बदलने का काम करेगा। डबल इंजन से डबल करप्शन हो रहा है। इसलिए रोक दो डबल इंजन को। हर घर में झाड़ू और केजरीवाल की बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लोग शहीदों के कफन बेचकर खा गए।

राजस्थान के गांव-गांव में खुलेंगी इंदिरा रसोई

## जयपुर के 84 गांवों में 92 जगह शुरू होगी सुविधा, जनसंख्या के हिसाब से चलेंगी

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** 'कोई भूखा न सोए' के मिशन को शुरू करते हुए गहलोत सरकार ने राजस्थान में इंदिरा रसोई की शुरूआत की थी। इसमें आमजन को 8 रुपए में बैठाकर खाना खिलाने की व्यवस्था है। इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अब सरकार ने प्रदेश के शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण कस्बों में भी इसकी शुरूआत करने का निर्णय किया है। राज्य के सभी 33 जिलों के एक हजार गांवों में ये रसोई शुरू की जाएंगी। रसोई का संचालन गांव या कस्बे की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए होगा।

### 3 मार्च को ऑर्डर निकाला

सरकार की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव के तहत राज्य के कुल 901 कस्बों में नई रसोई खोली जाएंगी। इसमें 5 से 10 हजार की जनसंख्या वाले कस्बे में एक, 10 से 20 हजार की जनसंख्या वाले कस्बे में 2 और 20 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले कस्बे में 3 रसोई खोली जाएगी। इस तरह पूरे 33 जिलों के 901, ग्रामीण कस्बों में कुल 991 रसोई खोली जाएंगी। इसके लिए 3 मार्च को शासन सचिव ने सभी कलेक्टर के नाम ऑर्डर निकाला है। शहरों में खुली रसोई की तर्ज पर ही गांवों में भी रसोई के लिए सरकार जगह या जमीन फ्री उपलब्ध करवाएगी। इसके लिए ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) या जिला परिषद सीईओ को जिम्मेदारी दी गई है। हर जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जो टेंडर करके रसोई का संचालन करने वाली फर्म या संस्था का चयन करेगी।

### सबसे ज्यादा जयपुर में, जबकि सबसे कम जैसलमेर में खुलेगी

स्वायत्त शासन विभाग ने अभी कुछ गांवों और कस्बों की जनसंख्या के अनुसार रसोई खोलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें जयपुर जिले के 84 गांवों में 92 जगहों पर ये किचन शुरू किए जाएंगे, जो राज्य में सबसे ज्यादा होंगे। इसी तरह जैसलमेर जिले के तीन ग्रामीण कस्बों मोहनगढ़, रामगढ़ और नाचना में एक-एक यानी कुल 3 रसोई खोली जाएंगी। उदयपुर में 12, जोधपुर 54, अजमेर 32, अलवर 46, बांसवाड़ा 18, बारां 16, बाड़मेर 30, भरतपुर 31, भीलवाड़ा 29, बीकानेर 74, चित्तौड़गढ़ 18, चूरू 32, दौसा 26, डूंगरपुर 17, हनुमानगढ़ 38, जालोर 60, झालावाड़ 11, झुंझुनूं 47, करौली 20, नागौर 69, पाली 52, सवाई माधोपुर 31, सीकर 55, सिरोही 23, टोंक 19, राजसमंद 6, प्रतापगढ़ 4, कोटा 7, बूंदी 5, धौलपुर 9 और गंगानगर में 5 जगहों पर रसोई खोली जाएंगी।

### 8 रुपए में मिलता है खाना

सरकार की ओर से इस किचन में आमजन को 8 रुपए में दिन और 8 रुपए में शाम का भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। इसमें दाल, सब्जी, चपाती और आचार दिया जाता है। हर दिन एक रसोई में अधिकतम 200 लोगों (100 सुबह और 100 शाम) के खाने की व्यवस्था रहती है। सरकार ने कोविड के समय इस रसोई का शुभारम्भ किया था। वर्तमान में ये प्रदेश की 213 से ज्यादा निकाय क्षेत्रों में संचालित है।

जयपुरवासियों के लिए अच्छी खबर

## अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू हो सकती है जलधारा; सुबह 7 से रात 9 बजे तक खुलेगी

**जयपुर।** जयपुरवासियों के लिए गर्मियों में घूमने-फिरने के लिहाज से अच्छी खबर है। जेएलएन मार्ग पर शिक्षा संकुल के पास स्थित जलधारा अगले महीने से फिर खुलने जा रही है। साल 2919 में तेज बारिश होने के बाद से ये बंद पड़ी है। बारिश से हुए नुकसान को ठीक करवाकर जेडीए ने इसे फिर से शुरू करने का फैसला किया है। गर्मियों में से जलधारा सुबह 7 से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने तेज बारिश और उसके बाद पानी के बहाव के कारण यहां काफी नुकसान हो गया था, जिसके बाद यहां हुई टूट-फूट को वापस ठीक करवाया गया है। इस पर करीब 79 लाख रुपए का खर्चा हुआ है। इस परियोजना में सभी काम करवाने के बाद इसे संभावना है अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा।

### 15 रुपए लगेगी एंट्री फीस

प्रकृति के बीच इस सुंदर ट्यूरिस्ट स्पॉट को देखने के लिए लोगों को 15 रुपए का शुल्क देना पड़ेगा। साल 2019 तक यहां आने वाले विजिटर्स को 10 रुपए शुल्क देना पड़ता था।

## राजस्थान कांग्रेस प्रभारी बोले- मोदी खत्म हुआ तो देश बचेगा

### कहा- जांच करवाओ, कहीं चुनाव लड़ने के लिए तो पुलवामा हादसा नहीं करवाया




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए उनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर दी। रंधावा ने पीएम मोदी पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं चुनाव लड़ने के लिए मोदी ने पुलवामा कांड तो नहीं करवाया? वहीं, नरेंद्र मोदी को बेईमान भी कह डाला। रंधावा ने कहा- हमारी लड़ाई अडाणी के साथ नहीं, बीजेपी के साथ है। बीजेपी को मारो। अडाणी-अंबानी साथ ही मर जाएंगे। जब कांग्रेस आए तो अडाणी-अंबानी नहीं आने चाहिए। इन्हें जेल जाना चाहिए। हमारे कई लीडर इन्हें साथ लेकर नहीं चल पड़े। यह ध्यान रखना होगा। मोदी कहते हैं कि पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। पहले यह तो बताइए, पुलवामा कैसे हो गया। इसकी जांच करवाओ। कहीं, चुनाव लड़ने को तो ऐसा नहीं करवा? दिया। आज तक पुलवामा का पता नहीं चला। गौतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के जवानों पर हमला किया था, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद भारत में एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। रंधावा ने कहा- सभी नेताओं से कहता हूं कि अपनी लड़ाई खत्म करें। मोदी-बीजेपी को खत्म करने की बात करिए। अगर मोदी खत्म हो गया तो देश बच जाएगा। अगर मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा।

राजस्थान में बारिश-आंधी की चेतावनी

## आज 15 जिलों में हो सकती है बारिश, जयपुर समेत 4 शहरों में छाए बादल



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान के मौसम में बदलाव हुआ है। जयपुर, राजसमंद, अलवर, हनुमानगढ़ समेत कई जिलों में सोमवार सुबह बादल छाए रहे। वहीं, रात में गर्मी तेज का असर देखने को मिला। कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। इधर, मौसम केन्द्र जयपुर ने सोमवार से प्रदेश में हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिर्स्टबेंस एक्टिव होने की संभावना जताई है। इसका प्रभाव मंगलवार को भी राज्य में देखने को मिलेगा। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज एक नया पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान में एक्टिव हुआ है। इसके प्रभाव जोधपुर और बीकानेर संभाग में देखने को मिल सकता है। इन एरिया में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के अजमेर, कोटा और जयपुर संभाग में इस सिस्टम के असर से बारिश व एक-दो स्थानों पर आंधी चलने की आशंका है।



पूर्वानुमान >

| | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 33°c | 33°c | 33°c |
| न्यूनतम> | 20°c | 19°c | 19°c | 19°c |

24°

# विवि विधि महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में आज आएंगे मुख्यमंत्री

गरीबों का सितारा

**जयपुर। (विनोद धायल)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय आएंगे। मुख्यमंत्री विधि महाविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे। विधि महाविद्यालय के अध्यक्ष हिमांशु जेफ ने बताया कि विश्वविद्यालय के घूमर पांडाल में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**इस सत्र में पहली बार मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2023 में पहली बार छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, श्री श्याम मन्दिर खाटूश्यामजी ट्रस्टी मानवेन्द्र सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री परसादी लाल मीणा, सालेह मोहम्मद राजेंद्र




सिंह यादव, सुभाष गर्ग, भंवर सिंह भाटी, अशोक चांदना, महेंद्र चौधरी राजकुमार शर्मा, बाबूलाल नागर गोपाल मीणा, हाकम अली, रफीक खान, संदीप यादव, ठरवकअभिषेक समेत प्रशानिक अधिकारी व विश्वविद्यालय प्रशासन मौजूद रहेगा। इवेंट कॉर्डिनेटर कुश कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद पंजाबी व हरियाणवी सिंगर व कवि प्रस्तुतियां देंगे।

# 36वें दिन काली पट्टी बांध जताया विरोध, रांका ने कहा- सरकार ने अपनाया अन्यायपूर्ण व अडिल रवैया

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाजपा नेता महावीर रांका ने ईसीबी कार्मिकों को ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने पर राजस्थान सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ईसीबी के 18 कार्मिकों को हाइकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी ज्वाइनिंग नहीं देने के विरोध में 36वें दिन भी अनशन जारी रहा। यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका ने कहा कि मुख्यमंत्री व मंत्री द्वारा ईसीबी के 18 कार्मिकों के प्रति निष्ठुर, अन्यायपूर्ण एवं अडि?ल रवैया अपनाने के विरोध में अनशन के 36वें दिन सिर पर काली पट्टी बांध कर विरोध जताया गया। भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक महावीर रांका ने कहा कि हाइकोर्ट ने सरकार



को 20 मार्च तक का समय दिया है। इस अवधि तक यदि मंत्री उक्त 18 कार्मिकों को नियुक्ति प्रदान कर देती है तो बेहतर रहेगा अन्यथा जनता का विरोध प्रदेश की सरकार को झेलना पड़ेगा। भाजपा के पवन महनोत ने बताया कि साहिल सोढा जय उपाध्याय, नवीन बिश्नोई, मेहुल यादव, जेठाराम मेघवाल अनशन पर डटे हुए हैं। अनशन स्थल पर ओम राजपुरोहित, राजेन्द्र शर्मा, मधुसूदन शर्मा, शंभु गहलोत, भगवतीप्रसाद गौड़, तेजाराम राव, श्रवण चौधरी, इंद्र ओझा, आनन्द सोनी, गौरीशंकर देवड़ा, दिनेश चौधरी, मनोज गहलोत, निर्मल गहलोत, रोशन लूणिया, अशोक चौरडि?ा, मांगीलाल गोदारा, काननाथ गोदारा, घनश्याम रामावत, राजेन्द्र व्यास, प्रणव भोजक, मुकेश छाबड़ा, नरपतसिंह भाटी, महेन्द्र सिंह राठौड़, सत्यनारायण गहलोत, मदन सारड़ा, सुरेन्द्र कोचर, कैलाश पारीक, मालचन्द जोशी, रमेश सैनी, बृजरतन भाटी ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया।

## पंचाग

दिनांक 14मार्च 2023 मंगलवार
विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 20:21:42 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | अनुराधा | 08:11:53 |
| योग | वज्र | 15:12:18 |
| करण | विष्टि भद्र | 08:58:15 |
| करण | बव | 20:21:42 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | |
| सूर्य राशि | कुम्भ | 30:33:09 |
| सूर्य राशि | मीन | 30:33:09 |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:39:06 | |
| सूर्यास्त | 18:33:27 | |
| चंद्रोदय | 25:15:21 | |
| चंद्रास्त | 10:46:12 | |
| राहू काल | 15:35-17:04 | |
| अभिजित | 12:14-13:01 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 09:38-11:07 | शुभ |
| लाभ | 11:07-12:36 | शुभ |
| अमृत | 12:36-14:06 | शुभ |
| शुभ | 15:35-17:04 | शुभ |



विशेष जानकारी:-
शीतला सप्तमी:-आज
शीतला अष्टमी बासोड़ा:-कल

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

# ब्राइट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव उमंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





गरीबों का सितारा

**सीकर (विनोद धायल)।** पलसाना कस्बे में स्थित ब्राइट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव उमंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करें किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति व मनोरंजन आत्मक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए आगंतुक महानुभावों को अपनी और आकर्षित किया विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम एवं अनुशासन में रहने वाले विद्यार्थियों को स्तरीय स्तर पर प्रमाण पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा लक्ष्मीकांत भारद्वाज रहे विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार पलसाना महिपाल सिंह, रानोली थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एडवोकेट कैलाश चंद शर्मा, अनिल मारोठिया इब्राहिम पंच, पंचायत समिति सदस्य रामनारायण चौधरी, भाजयुमो महामंत्री मदन जांगिड़ मंचस्थ रहे भरतराज ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुभाष सिंह बिजारणियां ने कहा की वार्षिक उत्सव एक मनोरंजन कार्यक्रम है हमें मनोरंजन के साथ-साथ हमें अपनी शिक्षा पर भी ध्यान देना है और उत्कृष्ट परिणाम देकर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होकर देश का नाम रोशन करना है बिजारणियां ने कहा कि वर्तमान युवाओं के कंधों पर भारत का भविष्य निर्भर है इसलिए हमें इस प्रकार की नींव तैयार करनी है जो राष्ट्र को ऊचाइयों तक पहुँचाये कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल भारद्वाज व कुलदीप शर्मा ने किया और कार्यक्रम में समा बांधी एवं लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया कार्यक्रम के समापन में निर्देशिका सुनीता बिजारणिया ने धन्यवाद भाषण देकर सभी आगंतुकों का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विमला लांबा रमेश कुमार वर्मा सुरेंद्र शर्मा अजीत बधाला पंकज शर्मा कुलदीप शर्मा भरत सर, पूनम कुमावत, ऋतु लांबा, रामनिवास यादव, केशरदेव के साथ समस्त स्टाफ के साथ सैकड़ों ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग में 6 दिवसीय 'सीएमई' का शुभारम्भ

## वक्ताओं के व्याख्यानों को सभी प्रतिभागियों ने बहुत सराहा

### डॉ. सी. आर. यादव ने स्वागत भाषण से की कार्यक्रम की शुरूआत





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सोमवार को स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, जयपुर में क्रिया शारीर विभाग के संकाय सदस्यों के लिए 6 दिवसीय सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) की शुरूआत हुई। सोमवार के दिन की शुरूआत धन्वतरी वन्दना एवं दीप प्रजवल्लन के साथ हुई, उसके बाद कार्यक्रम के सचिव एवं क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सी. आर. यादव ने स्वागत भाषण से की। आज के वैज्ञानिक सत्रों में प्रो. सरिता भूतड़ा ने प्रकृति एवं मानस प्रकृति विषय पर बहुत ही रोचक जानकारी प्रदान की। दूसरे वक्ता प्रो. ओम प्रकाश दाधीच रहें । उन्होंने क्रिया शारीर के मूलभूत सिद्धांतों एवं आहार एवं आहार पाक विषय के सैद्धांतिक एवं नैदानिक पक्ष को बहुत सारे उदाहरण देकर समझाया। दोनों वक्ताओं के व्याख्यानों को सभी प्रतिभागियों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के सचिव डॉ. सी.आर. यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 15 राज्यों के 30 प्रतिभागी भाग ले रहे है। 06 दिनों में क्रिया शारीर के विभिन्न विषयों पर 15 विषय विशेषज्ञों द्वारा 25 व्याख्यान आयोजित किये जाने है।

# ग्लूकोमा सप्ताह पर निशुल्क ग्लूकोमा स्क्रीनिंग की



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर 12 मार्च से शुरू हुए ग्लूकोमा सप्ताह के उपलक्ष्य में ,नवज्योति नेत्र संस्थान बीकानेर के सहयोग से स्थानीय रोशनी घर चौराहे पर ग्लूकोमा मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा और उनकी टीम ने 66 मरीजों की स्क्रीनिंग कर ग्लूकोमा बीमारी के बारे में जागरूकता रखने की सलाह दी, उन्होंने ग्लूकोमा को एक गंभीर बीमारी बताते हुए कहा कि कभी कभी इसके लक्षण नही आते हैं और धीरे धीरे नजर चली जाती है जिसका मरीज को समय पर पता ही नही चलता, इसलिए सभी व्यक्तियों को जो 40 वर्ष से अधिक उम्र के है कम से कम साल में एक बार आंखों की जांच और ग्लूकोमा की जांच अवश्य करवानी चाहिए क्योंकि ग्लूकोमा में जो नजर चली जाती है उसे पुनः नही लाया जा सकता ,इसका केवल रोकथाम ही कर सकते है। स्क्रीनिंग शिविर में सुमन पंवार, किशन मेघवाल और राखी शर्मा आदि ने सहयोग किया और डॉ एस. के. कामरा ने आभार व्यक्त किया।

# सड़क निर्माण को लेकर पार्षद महेश नायक ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** नगरपालिका वार्ड 30 के पार्षद महेश कुमार नायक ने सोमवार को शहर के थाना मोड़ चौराहे के पास टूटी हुई क्षत विक्षत सड़क के निर्माण को लेकर चौमूं उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ को ज्ञापन सौंपा ' ज्ञापन में वार्ड पार्षद नायक ने बताया कि चौमूं थाना मोड़ पर मुख्य मंत्री बजट योजना के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क स्वीकृत की गई है ' जो कि अब तक नहीं बनाई गई है ' जिसके चलते कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है एवं आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी



रहती है ' जिस पर उपखंड अधिकारी जाखड़ ने वार्ड पार्षद को आश्वस्त करते हुए समस्या का शीघ्र समाधान करने की बात कही ' इस मौके पर वार्ड 25 के पार्षद कन्हैयालाल थावरिया भी मौजूद रहे।

# विप्र फाउंडेशन की और से 'विप्र महाकुंभ' मेहंदीपुर बालाजी में आयोजित

**19 मार्च को अधिक से अधिक विप्र लोग पहुंचने की करी अपील**




गरीबों का सितारा

**जयपुर।** न्यू आदर्श ग्रुप ऑफ स्कूल्स एवं कॉलेज का स्टॉफ, परिवार व मित्रों के साथ सालासर धाम विप्र महाकुंभ में चेयरमैन मनोज शर्मा ने जयपुर से एसी बसों से शामिल होकर समाज व समाज के द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या बल दिखाकर न्यू आदर्श के चेयरमैन मनोज शर्मा ने मैसेज दिया कि ब्राह्मण समाज एक है व 19 मार्च को होने वाले जयपुर-विद्याधर नगर में ब्राह्मण महापंचायत में सभी समाज बंधु जो बालाजी के पहुँचे वे सभी जयपुर में भी 19 मार्च को अवश्य पधारें। जिससे समाज व हम सब पर लगें प्रश्न या समाज पर उठने वाली उंगली का माकुल जवाब भी सही समय व सही मंच से दिया जा सकें। शर्मा ने विस्तार से बताया कि 19 मार्च को होने वाली महापंचायत ऐतिहासिक होगी। जिसमे देश-विदेश से समाज की ख्याति सहित सर्व ब्राह्मण समाज एकजुट का संदेश देगा और





समाज ने सालासर में हुई बैठक में जो फैसला लिया। उसका भी सभी लोगों ने समर्थन करते हुए फैसले का स्वागत किया।

**पशु चिकित्सकों का कुक्कुटपालन प्रशिक्षण शिविर संपन्न**

# राज्य में कुक्कुटपालन में अपार संभावनाएं - कुक्कुटपालन के क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं आय संवर्धन के लिए जागरूक करेंगे पशु चिकित्सा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान कुक्कुटपालन में अग्रणी प्रदेश है। राज्य में पशुपालन के क्षेत्र में कुक्कुटपालन का न केवल किसानों की आय संवर्धन बल्कि रोजगार सृजन के साथ साथ कुपोषण की समस्या के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका है ।सोमवार को यहा राजकीय कुक्कुटशाला खातीपुरा में पशु चिकित्सकों को पांच दिवसीय कुक्कुट प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत पशु चिकित्सकों को कुक्कुट में होने वाली बीमारियों एवं उनके निदान व नियंत्रण से अवगत करवाने के साथ साथ पशुपालकों को कुक्कुट पालन में आने वाली संभावित परेशानियों के समाधानों से भी अवगत करवाया गया। इस मौके पर मौजूद अतिरिक्त निदेशक डॉ. नवीन मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थी पशु चिकित्सकों को राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि राज्य की सकल विकास दर में पशुपालन की अहम भूमिका है, पशु चिकित्सक सरकार की प्रत्येक योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचा कर धरातल पर लागू करने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि कुक्कुटपालन में रोजगार एवं आय में वृद्धि की संभावनाओं को तलाशते हुए पशु चिकित्सक कार्य योजनाएं तैयार करें। साथ ही कुक्कुटपालकों को आने वाली परेशानियों एवं बेहतर कुक्कुटपालन की दिशा में होने वाले कार्यों से समय समय पर जागरूकता शिविर लगाकर जागरूक करें।

# पिंक पर्ल ओलंपियाड का हुआ आयोजन, 90 प्रतिशत तक मिलेगी छात्रवृत्ति





गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के वार्ड संख्या 18 में स्थित पिंक पर्ल शिक्षण संस्थान में रविवार को पिंक पर्ल ओलंपियाड 2023 का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था सचिव गीगचंद मील व डायरेक्टर बीएम चौधरी ने बताया कि पिंक पर्ल ओलंपियाड परीक्षा में कक्षावार अधिकतम रैंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# शिक्षा स्वतंत्रता के सुनहरे दरवाजे को खोलने की कुंजी है

गरीबो का सितारा





**वी.पी.मीणा बहरोड़।** शिक्षा जीवन की सबसे शक्तिशाली चीजों में से एक है। शिक्षा न केवल सिखाती है बल्कि, यह एक व्यक्ति को बहुत समझदार और बेहतर इंसान बनाने में मदद करती है। शिक्षा वह मंच है जो सभी बाधाओं को हराने की क्षमता रखती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, शिक्षा ही जीवन है। इसलिए, एक उचित शिक्षा प्राप्त करना बेहद महत्वपूर्ण है।

# हिन्दू नववर्ष के कार्यक्रम लेकर समिति सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारियां

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** शहर के सुभाष सर्किल स्थित आयुर्वेद अनुसंधान केन्द्र, चौमू में हिन्दू नव वर्ष की शोभायात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई ' जिसमे हिन्दू नव वर्ष आयोजन समिति के संयोजक रघुवर दयाल पारीक ने बताया की हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित 21, मार्च 2023 की शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर समिती के सदस्यों को जिम्मेदारी व व्यस्थाए सौंपी गई है ' साथ ही हिन्दू नव वर्ष शोभायात्रा को विशाल स्वरूप देने के लिए चौमू ग्रामीण व चौमूँ नगर मे हिंदू समाज के लोगो को पीले-चावल देकर आमंत्रित करने की तैयारी की गई है । इस मोके पर समिति सदस्य श्रवण सैनी, राजेश गौरा, समीर चौधरी, रविन्द्र शर्मा, राहुल घोसल्या, बंटी सैनी, हरिनारायण सैनी,, आलोक जांगिड,, कपिल कटारिया, जितेन्द्र खांडल, मुकेश कुमार गुर्जर, दीपक जांगिड, धनराज पिलोदिया, नारायण टोपिया, कानाराम निठारवाल, पूरण कुमावत, किशोर जमलपुरिया, नीरू कुमावत, हिमांशु चंदेल, सुरेन्द्र सेरावत, बनवारी शर्मा, राहुल योगी ,नितिन सेन, धीरज कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



गरीबों का सितारा

**साधना सेठी, सीकर।** सोमवार को पंचायत समिति धोद के सबलपुरा में राजकीय विज्ञान महाविद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग एनसीसी एनएसएस रेंजर्स कैडेट्स एवं महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य एवं लंबी कूद 100 मीटर दौड़ जैसे खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह प्रोफेसर जेपी सिंह प्रोफेसर एनके शर्मा डॉ अनुपमा सिंह महिला अधिकारिता विभाग से ब्लॉक प्रभारी राजबाला के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र एवं पौधा भेंटकर विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया इस दौरान प्रोफेसर सुनीता सिंह ने अपने उद्बोधन के द्वारा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को छूते हुए समाज में पुरुषों द्वारा महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ आगे अपील की गई कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मंजू सिंह प्रोफेसर पूनम प्रोफेसर सुनीता जी एवम प्रोफेसर डॉ. रामदेव सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लम्पी बीमारी के दौरान मृत गायो के संबंध में मुआवजा दिलाने हेतु दिया ज्ञापन



गरीबों का सितारा

**सीकर /साधना सेठी।** गायों मे लम्पी बीमारी से सम्बंधित मृतक गायों का वास्तविक सर्वें करवाकर पशुपालको को उचित मुवावजा दिलवाने बाबत श्रीमान कलेक्टर महोदय व उपखण्ड अधिकारी धोद से आज मुलाकात की ! तथा कलेक्टर महोदय नें मौके पर ही पशुपालन विभाग के अधिकारीयों से फोन पर वार्ता कर जल्द ही पुनः सर्वे करवाकर मृतक गायों के पशुपालको को मुवावजा दिलाने का दिशा निर्देश दिए ।। कलैक्टर साहब ने मोके पर उपस्थित जन प्रतिनिधि व गोसेवको को जल्द ही सर्वे करवाकर उचित मुवावजा दिलवाने का आश्वासन दिया ।।इस दौरान मौके पर साँवलोदा धायलान सरपंच प्रतिनिधि बृजेन्द्र सिंह शेखावत, एड धर्मेन्द्र सिंह कुड़ी, गोसेवक एड. गौरीशंकर सैनी, एड ओमसिंह दूजोद, धोद सरपंच अमरसिंहजी सहित जनप्रतिनिधि व गोसेवक उपस्थित रहे।

## रात के अंधेरे में वृद्ध बावड़ी में गिरा सुबह लाश मिली



गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा।** ब्यूरो चीफ प्रहलाद तेली शाहपुरा कस्बे के बस स्टैंड पर मजार के पास वाली बावड़ी के अंदर एक वृद्ध की लाश तैरती हुई कस्बे वासियों को नजर आई जानकारी के अनुसार पुलिस सहायक उपनिरीक्षक सोराज मीणा ने बताया कि कल्लू पुत्र हरदेव गुर्जर उम्र 70 वर्ष निवासी तहनाल शाहपुरा बावड़ी में गिरने से पानी में डूबने से मृत्यु हुई है। अलसुबह पुरानी बस स्टैंड पर मजार के पास बावड़ी में एक वृद्ध की लाश नजर आई मौके पर भीड़ जमा हो गई एवं पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पुलिस आई लाश को देखकर वासियों ने बताया कि एक ड्राइवर की लाश है और गुर्जर समाज से संबंधित है मौके पर वार्ड नंबर 23 के पार्षद मोहन गुर्जर एवं कस्बे वासियों ने लाश वाले व्यक्ति को पहचाना नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सत्येंद्र, घीसु, आदि ने बावड़ी से लाश को बाहर निकाला एंव जिला सैटेलाइट हॉस्पिटल पोस्टमार्टम के लिए ले गए शव को परिजनों को सौंप दिया गया मौके पर कस्बे वासी जमा हो गए और रात्रि में बिना मुंडेर की बावड़ी में गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## उपखंड अधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक ब्यावर ने उप कारागृह का किया औचक निरीक्षण

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो किसी भी उपखंड का उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र के किसी भी विभाग का औचक निरीक्षण कर सकता है जो कि उसके प्रोटोकॉल के अधीन है सोमवार को उदयपुर रोड स्थित उप कारागृह उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह एवं आईपीएस मनीष चौधरी सहायक पुलिस अधीक्षक। ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दरमियान ब्यावर उप कारागृह के जेलर चतुर्भुज चौधरी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही जेल की व्यवस्था का जायजा लिया साफ सफाई व्यवस्थाओं को लेकर कुछ निर्देश भी दिए वहीं दूसरी ओर उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि वैसे उप कारागृह की व्यवस्था का जायजा लिया गया लगभग काफी व्यवस्था सुचारू रूप से चलायमान परिलक्षित नजर आई पिछले निरीक्षण के दरमियान पानी की व्यवस्था को लेकर कुछ कमी थी इस बार यह व्यवस्था दुरुस्त हो गई है पानी की व्यवस्था को लेकर कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए हैं निरीक्षण के दरमियान जेल प्रहरी मनोज मीणा एवं राजेंद्र कुमार भी विद्यमान रहे।



### शिक्षकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हुआ प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जयपुर द्वितीय के तत्वावधान में प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

### मांगे नहीं मानी गई तो होगा उग्र आंदोलनः जिला मंत्री गजानंद टिलावत




गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** राज्य सरकार के शिक्षकों के प्रति बढ़ते उपेक्षा पूर्ण रवैये को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जयपुर द्वितीय के तत्वावधान में सोमवार को शहर के कचौलिया रोड स्थित एक निजी गार्डन में शिक्षकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष चौथमल कुमावत की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई ' प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघ के पदाधिकारियों संभाग संगठन मंत्री बालकृष्ण भारद्वाज, प्रदेश मीडिया सदस्य रोहिताश दादरवाल, जिला मंत्री अर्जुन सिंह ,जिला महिला मंत्री श्रीमती रंजू सुरोलिया द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से शिक्षकों की मांगों को मिडिया के समक्ष रखकर राज्य सरकार से उनके निराकरण की मांग की ' शिक्षकों की निम्न 11 सूत्रीय मांगे को लेकर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित -वेतन विसंगतियों के निराकरण हेतु गठित 'सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक कर लागू किया जाए ' -समस्त राज्य कर्मचारियों को 8-16-24-32 वर्ष पर एसीपी का लाभ देकर पदोन्नति पद का वेतनमान प्रदान किया जाए ' -एनपीएस कार्मिकों के लिए लागू हुई पुरानी पेंशन योजना ( ओपीएस ) की समस्त तकनीकी खामियों को दूर कर एनपीएस की राशि शिक्षकों को देने के साथ-साथ जीपीएफ 2004 के खाता नंबर तत्काल जारी करे ' -संपूर्ण सेवाकाल में परिवीक्षा अवधि केवल एक बार 1 वर्ष के लिए हो तथा नियमित वेतन श्रृंखला में फिक्सेशन के, समय परिवीक्षा परिवीक्षा अवधि को भी जोड़ा जाए ' -राज्य कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के समय तीन सौ उपार्जित अवकाश की सीमा को समाप्त किया जावे एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात 65,70 एवं 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर क्रमशः 5 , 10 एवं 15% पेंशन वृद्धि की जाए ' -शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाए ' -अध्यापक संवर्ग के स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध हटा कर तत्काल स्थानांतरण करना एवं राज्य के शिक्षकों के स्पष्ट स्थानांतरण नियम बनाए जाएं एवं समस्त पदों पर नियमित वर्षवार और नियमित डीपीसी जारी की जा कर समय पर पदस्थापन किया जाए ' -बीएलओ सहित समस्त प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त किया जाए एवं शिक्षकों व संस्था प्रधानों को अनावश्यक कारण बताओ नोटिस जारी करना बंद हो' -तीन संतान होने पर राज्य कर्मचारियों को पदोन्नति में एक बार पीछे रखने के बाद उनकी मूल वरिष्ठता बहाल करना एवं तीन संतान वाले कार्मिकों को केंद्र सरकार के नियमानुसार राहत प्रदान की जाए ' -माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न तत्काल लागू कर पदों का सृजन किया जाए एवं विद्यालयों में पद आवंटन में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम का विभेद समाप्त कर समान रूप से पद आवंटन किये जाए ' -शिक्षा विभाग की ऑनलाइन निर्भरता को दृष्टिगोचर रखते हुए राज्य के समस्त शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों को मासिक इंटरनेट भत्ता एवं एंड्रॉयड फोन उपलब्ध करवाए जाए ' जिला मंत्री गजानंद टिलावत ने राज्य सरकार को चेताया अब भी मांगे नहीं मानी गई तो होगा उग्र आंदोलन जिला मंत्री गजानंद टिलावत ने कहा कि संगठन द्वारा राज्य सरकार से बार-बार आग्रह करने व लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रकट करने के उपरांत भी सरकार द्वारा शिक्षकों की इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है ' साथ ही सरकार द्वारा न्यायोचित समस्याओं का उचित समाधान करने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की जा रही ' राज्य सरकार ने शिक्षकों के प्रति जिस तरह उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है । उससे व्यथित व आक्रोशित होकर राज्य के शिक्षक अब आंदोलन की राह अपनाने को विवश हो गए है । उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा अंतिम प्रयास के रूप में राज्य के समस्त विधायकों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भेज कर सरकार से उचित निराकरण करवाने का प्रयास किया जा रहा है एवं संपूर्ण राज्य में जिला स्तर पर प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार को चेताया जा रहा है। अगर राज्य सरकार ने फिर भी इन मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया तो संगठन को उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। इस मौके पर पं. सत्यनारायण शर्मा, उपशाखा अध्यक्ष निर्विकार शर्मा, महिला मंत्री मीनू जुनेजा ,कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पुरोहित, रूप किशोर भारद्वाज ,प्रर्मिला वर्मा सुभिता कुमावत, बनवारी देवन्दा, रघुनन्दन शर्मा सहित द्वितीय के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में न्यू मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के छात्र जगदीश कुमावत ने लहराया परचम





गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** शहर के आसपुरा रोड स्थित न्यू मॉडर्न एज्यूकेशन ग्रुप द्वारा संचालित संस्था न्यू मॉडर्न सी से स्कूल में गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय के होनहार छात्र जगदीश कुमावत पुत्र धन्नाराम ने तहसील स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी सफलता का लोहा मनवाया। आज संस्थान में जिला सह-संयोजक एवं गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक भैरुलाल उपाध्याय, तहसील संयोजक रुपसिंह राजपुरोहित, पुर्ण संवेदानिक महेश कुमार चौरासिया ने छात्र को प्रशस्ति पत्र, 200 / - नकद एवं प्रज्ञा लघु पुस्तकमाला भेंट कर सम्मानित किया। जिला सह संयोजक भैरुलाल उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति युवा वर्ग पर हावी हो रही है, इसके दुष्प्रभावों से हमें बचना चाहिए।तहसील संयोजक रुपसिंह राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार अपना जन्मदिन मनाना चाहिए और इसको यादगार बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ न कुछ जैसे- पेड लगाना, अनाथ आश्रम में भोजन करवाना, गाय को चारा डालना इत्यादि परमार्थ कार्य करना चाहिए। संस्था निदेशक देवीलाल दादरवाल ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की सम्पूर्ण टीम का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदनलाल, गॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, प्रबंधक सदस्य सुरेश कुमार, बाबुलाल, राधेश्याम, आशीष दादरवाल, यादराम बैरवा, कृष्णगोपाल, प्रकाशचन्द, हरीश कुमावत, कविता शर्मा, सुमित्रा कुमावत, पूरणाराम भामू, भवानी सिंह, पिन्टूलाल कासोटिया, नर्मदा गुर्जर, खुशबू सोनी, रचना माहेश्वरी एवं समस्त स्टाफगण उपस्थित रहा।

### गोयल ट्रीमैन घोषित

## संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन (आईएएस) ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया ट्री मैन घोषित

### राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट व कम्युनिटी वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट बीकानेर के तत्वाधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित





गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट व कम्युनिटी वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट बीकानेर के तत्वाधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई संस्थान द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ सोशल एक्टिविस्ट की थीम सेवद द ह्यूमिनिटी पर ग्लोबल ह्यूमैनिटी चेंजमेकर अवॉर्ड सेरेमनी 2023 की गई जिसमें देशभर के सभी राज्यों व बाहरी देश नेपाल भूटान रूस जापान सहित लगभग 800 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बीकानेर के रविंद्र रंगमंच में आयोजित कार्यक्रम में सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र जिसमें रक्तदान, अंगदान, पर्यावरण संरक्षण, जल व नदियों का संरक्षण, बालिका शिक्षा व सामाजिक उत्थान आदि महत्वपूर्ण विषयों पर वातार्लाप कर सभी को प्रोत्साहित किया। 11 व 12 मार्च 2 दिन चले इस अंतरराष्ट्रीय सामाजिक कार्यकताओं के महासम्मेलन में ब्यावर में पिछले 4 वर्ष से पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत कार्य कर रही नई सोच मुहिम संस्थान के अध्यक्ष रमेश गोयल ने भी भूमिका निभाते हुए उपस्थित कार्यकताओं को पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने हेतु प्रेरित किया जिसमें इन के कार्य को देखते हुए संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन द्वारा कर्नल हेम सिंह शेखावत गैलंट्री सेना मेडल, डॉ नरेश गोयल संरक्षक, कन्हैया लाल भाटी नेशनल प्रेसिडेंट, कृष्ण कुमार ट्रस्टी राष्ट्रहित फाउंडेशन की उपस्थिति में रमेश गोयल को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंट कर प्रकृति के संरक्षण हेतु ट्री मैन घोषित किया गया।

## किरोड़ी बाबा को किसी भी शारीरिक अंग की जरूरत पड़ेगी तो मैं मेरा पूरा शरीर दान करने के लिए तैयार हूं : रक्तदाता बिजेन्द्र टहटडा



गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** राज्यसभा सांसद डाक्टर किरोड़ी लाल मीना जिसे राजस्थान मे सभी कार्यकर्ता बाबा के नाम से पुकारते है। बाबा सर्वसमाज के आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए हमेशा ही सरकार के खिलाफ आन्दोलन करते ही रहते है। ऐसे ही बाबा वीरांगनाओ के लिए भी आन्दोलन किया और बाबा के साथ पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया है जिससे बाबा की तबियत खराब हो गई है और बाबा जयपुर एसएमएस मे भर्ती है। इसी सम्बन्ध मे रक्तदाता बिजेन्द्र मीना टहटडा के द्वारा मिडिया को बताया है कि यदि बाबा को शरीर के किसी अंग की जरूरत पड़ेगी तो मै बाबा को मेरे शरीर के किसी भी अंग को दान कर दूंगा और बिजेन्द्र मीना ने तो मिडिया को यहा तक भी बताया है कि मै हमारे बाबा के लिए तो मेरा पूरा शरीर भी दान कर सकता हू। बाबा के लिए तो मै मेरी जान भी देने के लिए तैयार हू यह सारी जानकारी मिडिया को अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के टहटड़ा गांव के बिजेन्द्र कुमार मीना रक्तदाता के द्वारा दी गई है।

# सर्व समाज के लोगों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा/वरुण कामदार।** उपखंड मुख्यालय यहां सर्व समाज के लोगों ने वीरांगनाओं और राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में उन सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार अमितेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलवामा हमले में शहीदो की वीरांगनाओं की मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा विगत 15 दिनों से लगातार आंदोलनरत थे आदि रात को अचानक राजस्थान पुलिस अधिकारियों ने गांधीवाद तरीके से सिविल लाइन पर स्थित सचिन पायलट के आवास के बाहर आंदोलन कर रहे शहीदों की वीरांगनाओं को पुलिस ने लाठी के बल प्रयोग कर धरना स्थल से नजर बंद कर दिया। जैसे ही इस घटना का पता डॉ किरोड़ी लाल मीना को लगा की पुलिस द्वारा वीरांगनाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार का विरोध किया तो जयपुर पुलिस ने डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार किया तथा डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के कपड़े फाड़ दिये। जयपुर पुलिस के इस दुर्व्यवहार के कारण राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा के शरीर में गंभीर चोट आई है। जो की आज भी सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज चल रहा है। ज्ञापन देने के दौरान राजस्थान का एक ही लाल डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के नारे लगे। इस दौरान मुकेश मीणा रामगढ़, अजय शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य राम फुल सैनी, महेंद्र शर्मा, श्रीराम माधोपुरा, ललित गुप्ता, लक्ष्मी नारायण लखेरा, पवन त्रिवेदी, सोनू तिवारी, गौरव अग्निहोत्री, विनोद खटीक, कैलाश बालाजी, राधेश्याम महर, कैलाश, मनीष महावर, अजय महावर, दीपक स्वामी, गोपाल महावर कानाराम योगी, मुकेश सोनड नंदू शर्मा, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

गरीबों का सितारा

**वरुण कामदार, लालसोट।** उपखंड मुख्यालय के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामसिंहपुरा मे वार्षिकोत्सव भामाशाह और छात्रप्रतिनिधि सम्मान समारोह सोमवार को कार्यक्रम आयोजन किया गया।जिसमे बच्चों को मोटिवेट किया कि अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए कितनी भी कठिनाईया आने पर अपने लक्ष्य को छोड़ना नहीं चाहिए इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय जन समर्थन पार्टी के दौसा जिला अध्यक्ष सुखराम मीणा प्रेमपुरा, शम्भू लाल मीणा गोकुलपुरा कांग्रेस प्रदेश सचिव, प्रधानाध्यापक लल्लूराम मीणा, हेमराज जाटव, लक्ष्मी नारायण मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा, अध्यापिका सतीश बाई गुर्जर, सुनीता मीणा, एसएमसी, अध्यक्ष मीठालाल गुर्जर उपाध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर भगवान सहाय भजन कमलेश गुर्जर सहित काफी संख्या में छात्र व ग्रामीण जन मौजूद रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# ग्रामीण जीवन में सुधार पर चुनौतियां अभी बहुत

सरकार के प्रयासों से गांवों में जीवन स्तर में सुधार आ रहा है। स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ ईंधन, शौचालय, सबुन से हाथ धोने, सड़क, पक्का मकान, बिजली आदि की पहुंच ग्रामीणों तक बढ़ी है। ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। यूं तो भारत में पेयजल आपूर्ति बड़ी समस्या रही है। अधिकांश सरकारों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। देश में जल संसाधनों के प्रचूर रहने के बावजूद आज भी पेयजल की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। पहाड़ी व ग्रामीण क्षेत्रों की दशा खराब है, जहां पेयजल सर्वसुलभ नहीं है। देश में पेयजल संकट को देखते हुए पीएम मोदी की सरकार ने जलापूर्ति सिस्टम को दुरुस्त करने की ओर ध्यान दिया, इसका असर अब देश भर में दिखने लगा है। नल से जल योजना गांव गांव तक पहुंचाई गई है, इसका नतीजा है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत से अधिक लोगों को पेयजल उपलब्ध है। हालांकि यह सरकारी रिपोर्ट में दावा किया गया है, इसके बावजूद गांवों तक पेयजल पहुंचना कठिन इलाके के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार 2020-2021 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 95 प्रतिशत और शहरों में 97.2 प्रतिशत लोगों की पेयजल के बेहतर स्त्रोतों तक पहुंच रही। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 78वें दौर के 'मल्टीपल इंडिकेटर सर्वे' (एमआईएस) पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में लगभग 56.3 प्रतिशत और शहरी इलाकों में लगभग 76.3 फीसदी लोगों ने घरेलू परिसरों में स्थित पेयजल के उन्नत स्त्रोतों का इस्तेमाल किया, जो वर्ष भर पर्याप्त रूप से उपलब्ध थे। सर्वे का प्राथमिक उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कुछ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संकेतकों के निर्माण के लिए आंकड़ा एकत्र करना था। मार्च में जारी एमआईएस पर आधारित रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 78.7 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग 97.1 प्रतिशत परिवारों ने बताया कि घर के ज्यादातर सदस्यों की शौचालय तक पहुंच है। इसमें कहा गया है कि जिन लोगों ने शौचालयों की सुविधा उपलब्ध होने की सूचना दी थी, उनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 97.5 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत लोग शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 77.4 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग 92.7 प्रतिशत लोगों के पास परिसर के भीतर पानी और साबुन/डिटर्जेंट से हाथ धोने की सुविधा है। इसमें कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 49.8 प्रतिशत परिवार और शहरी क्षेत्रों में लगभग 92.0 प्रतिशत परिवार खाना पकाने के लिए ऊर्जा के प्राथमिक स्त्रोत के रूप में स्वच्छ ईंधन का उपयोग करते हैं। स्वच्छ ईंधन में एलपीजी, अन्य प्राकृतिक गैस, गोबर गैस, अन्य बायोगैस, बिजली (सौर/पवन ऊर्जा जनरेटर द्वारा उत्पन्न सहित) और सौर कुकर आदि शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 92.5 प्रतिशत परिवारों ने रहने की जगह से दो किलोमीटर के दायरे में सड़कों की उपलब्धता की सूचना दी। हालांकि शतप्रतिशत लक्ष्य अभी चुनौती बनी हुई है, इस तरफ विशेष ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही पेयजल समेत सभी सुविधाओं की गुणवत्ता मेनटेन रखना बड़ा प्रश्न है। यह भी परखने की बात है कि कागजी रिपोर्ट और धरातल की स्थिति में बहुत फर्क रहता है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं।



दो टूक
डा. अश्विनी महाजन

# बेमानी होती वैश्विक संस्थाएं

आज संयुक्त राष्ट्र समेत समस्त वैश्विक संस्थाओं और संस्थानों की कार्य पद्धति और वैश्विक नेतृत्व की उनकी क्षमता ही नहीं, उनकी नीयत पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। आईएलओ से लेकर यूएनडीपी तक संयुक्त राष्ट्र के तमाम दूसरे संगठन भी वैश्विक शासन के स्थान पर, सम्मेलन और बैठक करने वाले संगठन बन कर रह गए हैं। आज जब भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता का निर्वहन कर रहा है, विश्व के समक्ष चुनौतियों के समाधान के लिए नई सोच और नई व्यवस्था की जरूरत को वैश्विक मंचों पर रेखांकित करना समय की जरूरत है। यदि हम विश्व को एक नई व्यवस्था की तरफ प्रेरित करने में सफल होते हैं तो विश्व में वित्तीय अस्थिरता, आतंकवाद, खाद्य एवं ऊर्जा असुरक्षा जैसी समस्याओं के हल संभव है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया में बहुपक्षवाद संकट में है। लगभग यही बात विदेश मंत्री जयशंकर ने भी दोहराई। जब से भारत ने जी-20 देशों की अध्यक्षता संभाली है, दुनिया में वैश्विक संस्थाओं समेत कई मुद्दों पर चर्चा जोर पकड़ रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात पहले द्वि-ध्रुवीय विश्व और बाद में अमेरिका की अगुआई वाले एक-ध्रुवीय विश्व में भी वैश्विक संस्थानों की एक महती भूमिका मानी जाती रही है। संयुक्त राष्ट्र और उसके अंतर्गत आने वाली संस्थाएं दुनिया के संचालन की धुरी बनी रही। कहीं द्वंद अथवा संघर्ष हो या प्राकृतिक अथवा मानव जनित आपदा, दुनिया के मुल्क संयुक्त राष्ट्र की ओर ही देखते रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ही नहीं, यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) आदि की दुनिया में एक विशेष भूमिका रही है। 1995 से पहले 'गैट' और उसके बाद विश्व व्यापार संगठन दुनिया के व्यापार को संचालित करने वाले नियमों के निर्माता के रूप में जाने जाते रहे हैं। लेकिन आज इन संस्थाओं और संस्थानों की कार्य पद्धति और वैश्विक नेतृत्व की उनकी क्षमता ही नहीं, उनकी नीयत पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। महामारी, वैश्विक संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग ही नहीं दुनिया में बढ़ती खाद्य असुरक्षा और कई मुल्कों पर बढ़ते और असहनीय कर्ज के कारण इन संस्थाओं के माध्यम से वैश्विक गवर्नेंस पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यही स्थिति दुनिया में संप्रभुता संकट, असंतुलन, संघर्ष और द्वंद्व, स्वतंत्र राष्ट्रों के आस्तित्व के लिए भयंकर खतरा बन रहे हैं। जिस प्रकार के समाधान इन संस्थानों से अपेक्षित है, वे उसमें पूरी तरह से असफल दिखाई दे रहे हैं।

महामारी की शुरूआत से लेकर उसके निवारण के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन केवल नकारा ही साबित नहीं हुआ, बल्कि उसके प्रमुख द्वारा चीन की तरफदारी के कारण बदनाम भी हुआ है। आईएलओ से लेकर यूएनडीपी तक संयुक्त राष्ट्र के तमाम दूसरे संगठन भी वैश्विक शासन के स्थान पर, सम्मेलन और बैठक करने वाले संगठन बन कर रह गए हैं और खास बात यह है कि दुनिया के मुल्कों का भी अब उन पर कोई विशेष विश्वास नहीं रह गया है। उदाहरण के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन, जिससे अपेक्षा यह भी कि वो महामारी के समय दुनिया के मुल्कों के स्वास्थ्य की रक्षा का अपना दायित्व निभाएगा, कोरोना महामारी के समय महामारी के प्रारंभ के बारे में भी निष्पक्ष राय तक नहीं दे पाया। टीकाकरण के बारे में दुनिया में सभी लोगों के टीकाकरण को सुनिश्चित करना तो छोड़, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लाभ कमाने के लालच पर भी वो अंकुश नहीं लगा पाया। जब दुनिया में स्वभाविक अपेक्षा थी कि कोरोना महामारी के दौरान लोगों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं, टीकों और चिकित्सा उपकरणों पर पेटेंट स्थगित किए जाएंगे और लोगों को सभी प्रकार के इलाज और टीके रायल्टी मुक्त उपलब्ध



होंगे, तो उस पर विश्व व्यापार संगठन की 'व्यापार संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार' (ट्रिप्स) काउंसिल में उस पर पहले तो कोई निर्णय ही नहीं हो पाया और बाद में भी केवल टीकों के संबंध में ही, और वो भी शर्तों के साथ, हुए निर्णय ने विश्व व्यापार संगठन की असंवेदनशील कार्यपद्धति और बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विकसित देशों की दुनिया में मानवता के प्रति उदासीनता को उजागर कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष एक सम्मेलन किया जाता है, जिसमें दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन और उसके समाधान के बारे में वैश्विक चर्चा होती है, जिसे 'संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन' (कोप) कहा जा रहा है। दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में एक लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया का औसत तापमान, इस शताब्दी के प्रारंभ के औसत तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ पाए। इसके लिए जापान के एक शहर 'क्योटो' में हुए जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह सहमति बनी थी कि वर्ष 2012 तक ग्रीन हाउस गैसों के अधिक उत्सर्जन करने वाले देशों को अपने उत्सर्जन को घटाना पड़ेगा, कुछ अन्यों को अपने उत्सर्जन को समान रखने और कुछ अन्यों को अपने विकास के मद्देनजर उत्सर्जन को बढ़ाने की भी अनुमति थी। इस सहमति को 'क्योटो प्रोटोकोल' के नाम से जाना जाता है। इस संधि का तो पालन हुआ, लेकिन क्योटो के बाद भी कई सम्मेलन हुए और सम्मेलनों की यह प्रक्रिया जारी है, और इस श्रृंखला में कोप-27 अभी नवंबर 2022 में ही संपन्न हुआ है। कुछ वर्ष पूर्व इस सम्मेलन में एक सहमति बनी थी कि दुनिया के धनाढ्य देश विकासशील देशों को 100 अरब डालर हर वर्ष उपलब्ध कराएंगे, ताकि वे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन हेतु अपने देशों में क्षमता निर्माण कर सकें। लेकिन इस हेतु विकसित देश अपने दायित्व का निर्वहन करने में अभी तक असफल रहे हैं। वैश्विक प्रशासन की धुरी माना जाने वाला संयुक्त राष्ट्र इस संबंध में अप्रभावी सिद्ध हो रहा है। विश्व में एक समय अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इन वैश्विक संस्थाओं पर काफी लम्बे समय से प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आज से लगभग 75 साल से ज्यादा पुरानी वैश्विक संस्थाओं का आकर्षण ही नहीं, बल्कि प्रभाव भी धूमिल होने लगा है, बदले हुए हालातों में नई वैश्विक शासन व्यवस्था के बारे में चर्चा के लिए माहौल बनने लगा है। आज जब भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता का निर्वहन कर रहा है, विश्व के समक्ष चुनौतियों के समाधान के लिए नई सोच और नई व्यवस्था की जरूरत को वैश्विक मंचों पर रेखांकित करना समय की जरूरत है। वैश्विक संस्थाओं के संविधानों का बड़े देश ही पालन नहीं कर रहे।

जी-20 समूह जो बड़े राष्ट्रों का सबसे ताकतवर समूह है, जहां से विश्व की 85 प्रतिशत जीडीपी आती है, जहां विश्व की दो तिहाई जनसंख्या बसती है और यही नहीं दुनिया के कुल व्यापार का 75 प्रतिशत इन मुल्कों से आता है। ऐसे में भारत ने जी-20 देशों की अध्यक्षता के वर्ष में एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय का चयन किया है। यदि हम विश्व को एक नई वैश्विक व्यवस्था की तरफ प्रेरित करने में सफल होते हैं तो विश्व में वित्तीय अस्थिरता, आतंकवाद, संघर्ष, खाद्य एवं ऊर्जा असुरक्षा जैसी समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक मतैक्य बन सकता है। देखना होगा कि जी-20 समूह इस दिशा में कितना आगे बढ़ते हैं। जैसा पीएम ने कहा है कि वैश्विक वित्तीय संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध की स्थिति से निपटने के लिए वर्तमान वैश्विक शासन और संस्थाएं विफल हो चुकी हैं। प्रश्न यह है कि जी-20 देशों द्वारा कितने सार्थक प्रयास होते हैं?

(लेखक पीजीडीएवी कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## स्मृति शेष

डा. चन्द्र त्रिखा



# एक दिन रंगों की बारिश अगले दिन शोकगीत

अंतिम सांस का कोई 'एक्सरे' नहीं होता। यह भी एक अटल सत्य है कि प्रकृति अथवा नियति ही 'कैलेंडर' का आखिरी पन्ना लिखती है। फिल्म 'जाने भी दो यारो' और 'मिस्टर इंडिया' सरीखी बेहद चर्चित फिल्मों में अपनी बेहद लोकप्रिय एवं यादगार भूमिका निभाने वाले सतीश कौशिक जिस अंदाज़ से इस नश्वर संसार से गए हैं, वह भी दुखद, विचित्र एवं अविस्मरणीय रहेगा। एक दिन पहले होली के रंग और अगले ही दिन शोकगीतों की बारिश। बेहद अटपटा सा था, सब कुछ। मगर यह सब तो हो चुका। अब थोड़ा इस शख्स को बांच लें। सतीश जब मुंबई पहुंचे थे तो गुज़ारे के लिए अपने पिता के एक परिचित की कपड़ा मिल में भी काम करते रहे। अपने संघर्ष के दिनों को वह मज़े लेकर याद करते थे। श्याम बेनेगल की 'मंडी' में काम मिलने का किस्सा बहुत रस लेकर बताते थे। बेनेगल ने कहा था, सारी भूमिकाओं के लिए अभिनेता चुने जा चुके हैं फिर भी अपना फोटो छोड़ दें। 'हाजिर जवाब सतीश कौशिक ने कहा', फोटो तो नहीं है, ये एक्सरे रिपोर्ट देख लीजिए, मैं अंदर से बहुत अच्छा दिखता हूं।'



ठहाका लगाते हुए श्याम बेनेगल ने उन्हें काम दे दिया। अभिनय प्रतिभा, लेखक, सहायक निर्देशक, सह-निर्माता के काम भी करने लगे। हालांकि, पहली निर्देशित फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नाकामी से वह अवसाद में चले गए थे, पर उन्हें बाद में अच्छे निर्देशक के रूप में भी पहचाना गया। समग्रता में यह मानने में कोई हर्ज नहीं कि बतौर हास्य अभिनेता उनका सिक्का ज़्यादा चला। यद्यपि वह अक्सर कहा करते थे, 'अभिनेता सिर्फ अभिनेता होते हैं। उन्हें 'कामेडियन' तक सीमित रखना भी ज़्यादती है।

हरियाणा विशेष रूप से इस विशिष्ट एवं महान कलाकार की देन कभी नहीं चुका पाएगा। 'रूप की रानी चोरों का राजा' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले कौशिक ने 'हम आपके दिल में रहते हैं', ' हमारा दिल आपके पास है', 'बधाई हो बधाई', 'तेरे नाम' और 'मुझे कुछ कहना है' जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया। उनके परिवार में पत्नी और बेटी हैं। कौशिक नेशनल स्कूल आफ ड्रामा और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीच्यूट आफ इंडिया के छात्र थे। हरियाणा में जन्मे और दिल्ली के करोल बाग में पले-बढ़े कौशिक ने हमेशा अभिनेता बनने का साना देखा था। उन्हें 'जाने भी दो यारो', 'राम-लखन', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'मिस्टर इंडिया', 'दीवाना मस्ताना', 'हसीना मान जाएगी', 'भारत', 'छलांग' , 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्मों में निभाए उनके किरदारों के लिए काफी सराहना मिली। फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में कौशिक ने 'कैलेंडर' नामक एक रसोइये का किरदार निभाया था जो आज भी लोकप्रिय है। कौशिक ने 1983 में आई फिल्म 'जाने भी दो यारो' के संवाद लिखे और पंकज त्रिपाठी अभिनीत 'कागज' (2021) की कहानी भी लिखी। कौशिक और अभिनेता गोविंदा की जोड़ी भी काफी मशहूर थी। दोनों 90 के दशक में 'स्वर्ग', 'साजन चले ससुराल', 'दीवाना मस्ताना', 'परदेसी बाबू', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'आंटी नम्बर-1' और 'हसीना मान जाएगी' जैसी कई फिल्मों में साथ नज़र आए। यहां वरिष्ठ पत्रकार अभिताभ श्रीवास्तव की कुछ पंक्तियां देखना ज़रूरी लगता है। 'कितना आसान और रोमांचक लगता है कि वह नेशनल स्कूल आफ ड्रामा और पूना फिल्म इंस्टीच्यूट होते हुए 1979 में मुंबई पहुंचे और कुछ ही वर्ष में मशहूर हो गए। साधारण शक्ल-सूरत के बावजूद लोकप्रिय अभिनेता बनने का उनका सफर आसान बिल्कुल न था। उनकी खास बात यह थी कि वह कभी हौसला नहीं हारे और मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल करने मे जुटे रहे। सतीश कौशिक के पिता ताले-घड़ियां बेचते थे। पिता का यह संघर्ष बाद में उनके लिए कच्चे माल की तरह काम आया, जब उन्होंने आर्थर मिलर के नाटक 'डेथ आफ अ सेल्समैन' के हिंदी रूपांतरण 'सेल्समैन रामलाल' में केंद्रीय चरित्र को रंगमंच पर साकार किया। वह बिना लाउड हुए सहज हास्य पैदा करते थे। राम लखन में काशीराम की भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार भी मिला था। साजन चले ससुराल के मुत्तुस्वामी के किरदार के जरिये उन्होंने पड़ोसन फिल्म में निभाए गए महमूद के किरदार को श्रद्धांजलि दी थी। इस फिल्म के लिए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का फिल्म फेयर मिला था।

# सृष्टि को मानो चैतन्य



संकलित
## दर्शन

आचार्य विनोबा भावे; गीता पुरुषोत्तम-योग बताकर कर्ममय जीवन को पूर्णता पर पहुंचाती है। वह सेव्य पुरुषोत्तम, मैं उसका सेवक और सेवा के साधन रूप सारी सृष्टि। यदि इस बात का दर्शन हमें एक बार हो जाए तो फिर और क्या चाहिए? तुकाराम कह रहे हैं कि सेवा के सिवा मुझे और कुछ नहीं चाहिए प्रभु। फिर तो अखंड सेवा ही होती रहेगी। तब 'मैं' जैसा कुछ रहेगा ही नहीं। मैं-मेरापन सब मिट जाएगा। जो होगा, सब परमात्मा के लिए। परहितार्थ जीने के सिवा दूसरा विषय ही नहीं रहेगा। गीता का यही कहना है कि अपने में से 'मैं' को निकालकर हरिपरायण जीवन बनाओ। जीवन में किसी बात की चिंता ही नहीं रहेगी। कर्म में भक्ति का मिश्रण सही है, परंतु उसमें ज्ञान भी चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं कि ये तीनों चीजें भिन्न-भिन्न हैं। कर्म का अर्थ ही है भक्ति। भक्ति कोई अलग से लाकर कर्म में नहीं मिलानी पड़ती। यही बात ज्ञान की है। यह ज्ञान मिलेगा कैसे? त्रुटिरहित निर्मल सेवाभाव रखने से। यह सेवा का साधन चरखा, इसमें तेल डालो। यह आवाज कर रहा है। सारी सृष्टि को चैतन्य मानो। इसे जड़ मत समझो। ओंकार का सुंदर गान करने वाला यह चरखा क्या जड़ है? यह तो परमात्मा की मूर्ति ही है। बैलों को अच्छी हालत में रखकर उनसे उचित काम लेना चाहिए। बैल भी परमात्मा की ही मूर्ति है। वह हल, खेती के सब औजार अच्छी हालत में रखो। सेवा के सभी साधन पवित्र होते हैं। पूजा करने का अर्थ यह नहीं कि गुलाल, गंध, अक्षत और फूल चढ़ाएं।

# कोई अपमान करे तो हमें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

विश्वमोहिनी के स्वयंवर में देवर्षि नारद भी जाना चाहते थे। इसलिए नारद जी विष्णु जी के पास पहुंच गए। उनसे कहा कि मुझे सुंदरता दे दीजिए, जिसे देखकर विश्वमोहिनी मुझे विवाह के लिए चुन ले। विष्णु जी ने नारद मुनि को वानर बना दिया। नारद जी ऐसे ही स्वयंवर में पहुंच गए। स्वयंवर शुरू हुआ तो विष्णु जी भी वहां पहुंच गए। विश्वमोहिनी ने नारद मुनि को नहीं, बल्कि विष्णु जी को चुन लिया और वरमाला पहना दी। नारद मुनि को मालूम हुआ कि विष्णु जी ने उनका चेहरा वानर की तरह बना दिया है। इस बात से वे बहुत गुस्सा हो गए। गुस्से में उन्होंने विष्णु जी को शाप दे दिया। अपमान करने लगे। विष्णु जी नारद मुनि की बातें मुस्कान के साथ ध्यान से सुन रहे थे। नारद मुनि गुस्से में बोलते ही जा रहे थे। आज आपकी वजह से मुझे स्त्री का वियोग सहना पड़ा है। मैं आपको शाप देता हूं कि आपको भी स्त्री वियोग होगा। आपने मुझे बंदर का चेहरा दिया है तो एक दिन आपको बंदरों की मदद लेनी होगी। ये सारी बातें लक्ष्मी जी भी सुन रही थीं। देवी ने विष्णु जी से कहा कि आप इतनी बातें क्यों सुन रहे हैं? विष्णु जी ने देवी से कहा कि नारद मुनि से स्तुति बहुत सुनी है, आज निंदा भी सुन लेते हैं। जब नारद जी शांत हुए तो विष्णु ने कहा कि मैं आपका शाप स्वीकार करता हूं। इसके बाद भगवान ने उन्हें समझाया कि आप संत हैं, आपको घमंड हो गया है और आपके जैसे संत के लिए घमंड करना अच्छा नहीं। इस वजह से मैंने आपका घमंड तोड़ने के लिए ही ये पूरी माया रची थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चीन में बनी वस्तुओं का प्रयोग न हो

देश ने इस बार होली पर चीनी पिचकारी से रंग कम उड़ाया। यह देश के लिए बहुत ही सराहनीय है क्योंकि इससे कुछ तो देश का धन चीन जाने से बचा। अगर हम सभी देशवासी चीनी सामान का प्रयोग त्योहारों में न करें तो इससे हमारे देश के उन लोगों के त्योहारों का रंग और भी गहरा होगा जो स्वदेशी सामान त्योहारों के लिए तैयार करते हैं। भारत में जब से चीनी सामान आना शुरू हुआ है, तब से न जाने भारत के कितने ही छोटे-छोटे उद्योग धंधे या तो बंद हो गए हैं या उन पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। अगर हम इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाएं तो यह पता चलेगा कि स्वदेशी ही हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम का मूल मंत्र रहा। महात्मा गांधी ने इसके लिए असहयोग आंदोलन और स्वदेशी आंदोलन चलाया था।

*- मनोहर दुबे, कांकेर*

## ट्रेंड

### स्वामीकल को श्रद्धांजलि



श्री अय्या वैकुंड स्वामीकल को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने दूसरों की सेवा करने और समावेशी तथा न्यायपूर्ण समाज के पोषण के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उनके विचार पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### असर का होगा आकलन



एसवीबी का बंद होना निश्चित ही दुनियाभर के स्टार्टअप के लिए परेशानी पैदा करने वाला होगा। इसके असर का आकलन करने के लिए मैं इस हफ्ते भारतीय स्टार्टअप के लोगों से मुलाकात करूंगा व मदद के तरीके पता करूंगा।

**-चंद्रशेखर, आईटी राज्यमंत्री**

### कौशिक निपुण कलाकार



दिवंगत अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक को विनम्र व भावपूर्ण श्रद्धांजलि। वे "एक बेहतर इंसान" और "एक बेहद निपुण कलाकार" के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। कौशिक के साथ काम करना एक 'प्रेरणादायक' अनुभव था।

**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

### स्टार्टअप्स कंपनियां सतर्क रहें




ऐसे स्टार्टअप जिनका लगभग पूरा कारोबार और सारे कर्मचारी भारत में हैं, उन पर बड़े निवेशक यदि कंपनी का पंजीयन विदेश में कराने का दबाव बनाते हैं तो उन्हें इसका विरोध करना चाहिए। सिलिकॉन वैली बैंक स्टार्टअप के लिए मित्रवत बैंक था, इसका दीवालिया होना झटका है।

**-टीवी मोहनदास पई, उद्योगपति**




## करंट अफेयर

# ट्रंप ने मेरे परिवार को खतरे में डाल दिया था : पेंस



पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने अमेरिका के संसद भवन परिसर में छह जनवरी को हुए दंगे में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका की शनिवार को कड़ी आलोचना की और कहा कि ट्रंप ने उनके परिवार तथा संसद भवन में मौजूद हर व्यक्ति की जान खतरे में डाल दी थी। पेंस के इस बयान से अगले साल के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार के नामांकन की दौड़ में शामिल दोनों नेताओं के बीच विवाद और गहरा गया है। वार्षिक 'ग्रिडिरोन' रात्रि भोज के दौरान पेंस ने कहा, '(पूर्व) राष्ट्रपति ट्रंप गलत थे।' इस रात्रि भोज में नेता और पत्रकार शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे चुनाव पलटने का कोई अधिकार नहीं था और उनके (ट्रंप के) बेतुके बयानों ने उस दिन (छह जनवरी को) मेरे परिवार और कैपिटोल (संसद भवन परिसर) को खतरे में डाल दिया था। मैं जानता हूं कि इतिहास डोनाल्ड ट्रंप को इसके लिए जिम्मेदार ठहराएगा।' कभी ट्रंप के वफादार रहे पेंस की यह टिप्पणी उनकी अब तक की सबसे तीखी आलोचना थी, जो अक्सर अपने पूर्व बॉस का सामना करने से कतराते रहे हैं।

## ऑफ बीट

# स्क्रब टाइफस के लिए अच्छे उपचार पद्धति की पहचान



भारतीय वैज्ञानिकों के एक दल ने हर साल हजारों लोगों की जान लेने वाले जीवाणुजनित गंभीर संक्रमण स्क्रब टाइफस के लिए उल्लेखनीय रूप से अधिक प्रभावशाली उपचार की पहचान की है। 'न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन' (एनईजेएम) में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि नसों में दी जानी वाली (अंत: शिरा) एंटीबायोटिक डॉक्सीसाइक्लिन और एजिथ्रोमाइसिन का मिश्रण रोगी के लिए कोई एक दवा देने की मौजूदा पद्धति से अधिक प्रभावशाली है। 'इंट्रावीनस ट्रीटमेंट फॉर स्क्रब टाइफस' के क्लीनिकल परीक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल कर कई भारतीय संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने गंभीर स्क्रब टाइफस के रोगियों में सात-दिवसीय तीन अंत:शिरा एंटीबायोटिक उपचार पद्धतियों (डॉक्सीसाइक्लिन, एजिथ्रोमाइसिन या दोनों का मिश्रण) के प्रभाव और उनके सुरक्षित होने के संबंध में तुलनात्मक अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि दवाओं का मिश्रण देने की पद्धति केवल एक दवा देने से अधिक लाभकारी है। जिन मरीजों को दोनों दवाएं दी गईं, उनमें संक्रमण के सात दिन पर अपेक्षाकृत कम जटिलताएं देखी गईं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## युनिक स्कूल प्रांगण में हुआ विज्ञान मेला आयोजित



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के भृर्तहरि मंदिर रोड स्थित यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन में सोमवार को विज्ञान मेला आयोजित किया गया। चेयरमैन सुमित यादव ने बताया कि विज्ञान मेला प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में क्रियाशीलता के साथ-साथ विज्ञान के द्वारा हुए शोध को जानना। विद्यार्थियों ने बायोलॉजिकल इलेक्ट्रिकल तथा एग्रीकल्चर से संबंधित विभिन्न मॉडल व प्रोजेक्ट के जरिए कार्यक्रम को सुंदर रूप दिया तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने।



तथा हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान किस किस रूप में सहायक साबित होता है। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक गण स्कूल प्रबंधन प्रिंसिपल निरंजन सिंह, मैनेजमेंट प्रभारी नरेंद्र कुमार, मिडिल कोऑर्डिनेटर संगीता यादव, विज्ञान मेला प्रभारी मीनाक्षी देवी, कृष्ण कुमार, रमेश सिंह, नवीन कुमार, तेजपाल सिंह सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## रामगढ़ कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को मनाया गया धूमधाम से बासौडा



गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ़ सहित आसपास क्षेत्र के गांव व ढाणियों में सोमवार को बास्योडा पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने माता को शीतल जल से नहला कर ठंडे पकवानों की कंडवारी चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। प्रजापति समाज के बाबूलाल प्रजापत ने बताया शीतला माता मंदिर पर रविवार की रात्रि भजन सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के जागरण में भाग लिया।कस्बा रामगढ़ में स्थित शैड मोहल्ले में प्राचीन शीतला माता के मंदिर में सोमवार को सुबह 3:00 बजे से ही महिलाओं द्वारा बांसोड़ा पर्व शीतला माता की पूजा करने के लिए तांता लगना शुरू हो गया। सुबह तक माता के दरबार में महिलाएं उमड़ पड़ी महिलाएं नए परिधान धारण कर बासे व ठंडे पकवानों की घर में कडंवारी सजाकर गीत गाते हुए माता के दरबार पहुंची जहां ठंडे पकवानों का भोग लगाकर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की , इसके बाद महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से शीतला माता की कहानी सुनी व मौके पर प्रजापति समाज के बाबूलाल प्रजापत , बंटी प्रजापत , सुनील कुमार प्रजापत, दौलत गालव सुनील कुमार रोहिताश बनवारी लाल सहित अनेक सेवक मौजूद थे।मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।


## बालकदास महाराज के सानिध्य मे हुआ सत्संग कार्यक्रम आयोजित



गरीबो का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की बैरेर पंचायत के खोहरा चौहान गांव मे सोमवार को बाबा बालकदास महाराज के सानिध्य मे बनवारी मास्टर के घर पर सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे खोहरा चौहान , बैरेर , टहटड़ा , नांगल सोहन सहित आसपास के गांवो से बड़ी संख्या मे धर्म प्रेमी श्रोताओ ने रामरस का आनन्द लिया।





बालकदास महाराज ने अपने प्रवचन सुनाते हुए सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया तथा धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने की बात बताई और सभी श्रोताओ से अपने अपने माता पिता व गुरूजनो की सेवा कर अपने जीवन को सफल बनाने की बात बताई। इस दौरान सत्संग कार्यक्रम मे शिवदयाल बाबूजी, जीवन राम, धर्मराज, रुपराम सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे। मिडिया को यह जानकारी धर्मराज (बबलु) मीना के द्वारा दी गई है।

# लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस एहसास 2023 का शानदार आयोजन किया गया

गरीबों का सितारा

**सीकर, साधना सेठी।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233ए1 की रीजन 20 ह्लस्वीट वॉयलेट ह्लकी रीजन कॉन्फ्रेंस एहसास का शानदार आयोजन रविवार को पार्क एवेन्यू रिसोर्ट में हुआ। रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ यूसुफ अली देवड़ा ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रांतपाल लायन रोशन सेठी, सहप्रान्तपाल लायन ओमप्रकाश गग्गर एवं मल्टीपल कॉउन्सिल चैयरपर्सन संजय जी भंडारी मुख्य मेहमान के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने लायनवाद के महत्व के बारे में बताया। शेखावाटी में लायंस क्लब की नींव रखने वाले सबसे वरिष्ठ सदस्य एमजेएफ लायन रामगोपाल बियानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन रामगोपाल बियानी, लायन डॉ जे पी गोयल, लायन राजीवलोचन शर्मा, लायन पतीश पंजाबी, लायन अलका शर्मा, लॉयन राजीव लोचन शर्मा ,लायन डॉ बी अल खंडेलवाल, लायन संपत्ति मिश्रा आदि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कॉन्फ्रेंस के दौरान रीजन के सभी क्लब लायंस क्लब सीकर,





लॉयन्स क्लब सीकर सुरभि, लॉयन्स क्लब सीकर प्राइड, लायंस क्लब क्राउन , लॉयन्स क्लब सनराइज, लायंस क्लब कल्याण, लॉयन्स क्लब डायमंड, लायंस क्लब श्रीमाधोपुर एव लायंस क्लब लीजेंड के सभी पदाधिकारियों एव सदस्यों ने सहभागिता निभाई। नंदिनी त्यागी ने होली का शानदार गीत सुनाकर सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। रीजन के सभी क्लब्स ने बैनर प्रेजेंटेशन किया, जिसके लिए लायंस क्लब सुरभि को बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन का अवार्ड दिया गया। इसके अतिरिक्त रीजन के सभी क्लब्स में से बेस्ट क्लब , एक्सीलेंट क्लब , आउटस्टैंडिंग क्लब एव एक्स्ट्रा आर्डिनरी क्लब के अवार्ड दिए गए। इसी क्रम में सभी पदाधिकारियों में से भी बेस्ट, एक्सेलेन्ट, आउटस्टैंडिंग, एव एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। सभी क्लब्स सदस्यों में से विशेष योगदान देने वाले सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व प्रांतपाल लायन सुमेर जैन, , लायन श्रवण केजरीवाल, लायन अंजना जैन, लायन आलोक अग्रवाल, लायन अशोक ठाकुर एव प्रांतपाल द्वितीय लायन सुनील अरोड़ा भी उपस्थित रहे। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट कोषाध्यक्ष लायन सोभागमल अग्रवाल एव विशेष अतिथि मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी भीलवाड़ा मुश्ताक खान भी उपस्थित रहे। जिनके कोरोना मॉडल ने पूरे देश मे कोरोना को रोकने में विशेष योगदान दिया था। कार्यक्रम की शुरूआत विश्व शांति प्रार्थना एव राष्ट्रगान के साथ हुई। लॉयन्स क्लब सीकर क्राउन के अध्यक्ष लॉयन डॉक्टर नवीन सैनी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया ।तीनों जोन चेयर पर्सन लायन सचिन अग्रवाल ,लॉयन डॉक्टर इछरणवा एवं लॉयन लोकेश हजारिका ने अपने अपने क्लब्स की रिपोर्ट प्रस्तुत की ।रीजन चेयर पर्सन लॉयन डॉक्टर युसुफ अली देवड़ा अपने रीजन की एडमिनिस्ट्रेटिव एक्टिविटी के बारे में बताया एवं सभी नौ क्लब्स की एक्टिविटी को स्लाइडशो के रूप में शानदार रूप से प्रस्तुत किया ।रीजन डायरेक्टरी ह्लगुलिस्ताँ ह्लका विमोचन डायस द्वारा मुख्य एडिटर लॉयन डॉक्टर मीनाली सुंडा के द्वारा किया गया ।कॉफ्रेंस डायरेक्टर टखत्रह्ललॉयन सुनील खंडेलवाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया !कार्यक्रम का शानदार संचालन लायन डॉक्टर सम्पति मिश्रा, लायन मंजू शर्मा एव लायन मीनु गुप्ता ने किया।

## कांग्रेस के युवा नेता मनोज चौहान ने ब्यावर जिले को लेकर फिर एक बार की मुलाकात

### शिष्टमंडल के साथ पने राजनीतिक भगवान मुख्यमंत्री से की मुलाकात

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** को जिला बनाने को लेकर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर की बहुप्रतीक्षित मांग को मुख्यमंत्री तक पहुचाने वाले कांग्रेस नेता मनोज चौहान ने एक बार फिर अपने राजनैतिक भगवान मुख्यमंत्री से मुलाकात की एवं जिले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की कॉंग्रेस नेता शैलेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि मनोज चौहान के नेतृत्व में शिष्टमंडल राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिला. शिष्टमंडल ने ब्यावर को जिला बनाने, राजकीय कन्या महाविद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सैनानी, पूर्व उप मुख्यमंत्री अजमेर मेरवाडा एवं शिक्षा मन्त्री पं बृजमोहन लाल शर्मा के नाम पर रखने ,नया पुलिस थाना सृजित करने , अमृतकौर हास्पिटल की नयी बिल्डिंग बनाने के बारे में ज्ञापन सौंपा मुख्यमंत्री ने जिले के बारे में विचार विमर्श करने के लिए बुधवार को मनोज चौहान को शाम 4 बजे वापस मिलने को कहा वहीं तीन अन्य माँगो के ज्ञापन के बारे में ओएसडी देवाराम सैनी को देकर शिष्टमंडल व्यक्तिगत मिलने के लिए कहा। ब्यावर शिष्टमंडल के करीब जब मुख्यमंत्री आये तो शिष्टमंडल ने ब्यावर को ज़िला बनाओ के नारे लगाये



तो मुख्यमंत्री ने पूछा ह्लकहाँ है मेरा मनोज" तब मनोज चौहान ने पीछे से आकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तो सीएम ने कहा परसों आकर मिलो ..!! शिष्टमंडल मे कॉंग्रेस नेता शैलेश शर्मा, राम यादव कन्हैया लाल सौलंकी, सर्वेश्वर वैष्णव,पार्षद राजेश शर्मा, घनश्याम फुलवारी, मजीद कुरैशी, राजेन्द्र तुनगारिया, भुवनेश शर्मा, अजय स्वामी, सरपंच पदमसिंह, गोरधनसिंह, सुरेन्द्र सिंह , साबुद्दीन काठात, अजीत काठात, घनश्याम तुनगारिया, जगदीश दौलपुरिया, जितेन्द्र तुनगारिया जसराज सिंह इत्यादि सम्मिलित थे साथ ही जानकारी के अनुसार कांग्रेस का युवा नेता मनोज चौहान निरंतर ब्यावर की कई मांगों को लेकर अपने शिष्टमंडल के साथ माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात करता रहा है अब देखने वाली बात यह है कि आखिर कांग्रेस के युवा नेता मनोज चौहान के परिश्रम कितने ब्यावर शहर के लिए लाभप्रद होंगे यह सब तो समय ही तय करेगा लेकिन जिस तरह से चौहान परिश्रम कर रहे हैं उसको देखकर उनके शुभचिंतकों ने उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की है।

## हुरडा में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** हुरडा रा उ प्रा वि में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग यू डी एल प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच शायरी देवीजाट, पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र सिंह गहलोत पूर्व पी ई ई ओ कालूराम भांबी, भामाशाह गजराज जाट, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ,ब्लॉक साक्षरता प्रभारी जीवन गुर्जर अतिथियों ने मां शारदे के दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।प्रशिक्षण में एम टी पवन कुमार जोशी एवं कल्पित चतुवेर्दी ने प्रशिक्षण की भूमिका के बारे में जानकारी दी ।पीईईओ कालूराम भांभी ने दिव्यांगता की श्रेणियों की पहचान के बारे में बताया ।पूर्व बीआरसीएफ वीरेंद्र गहलोत ने दिव्यांगता के लक्षणों के बारे में बताया। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने यूडीएल के उद्देश्य एवं आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।भामाशाह गजराज जाट ने विद्यालय मैं छत विहीन किचन एवं शौचालय बनवाने आदि समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कर पूर्ण करवाने का का आश्वासन दिया। ब्लॉक कार्यालय के संदर्भ व्यक्ति देवेंद्र जोशी एवं रामकिशन कुमावत ने प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया, और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ब्लॉक से 54 संभागी भाग ले रहे हैं। आज का प्रतिवेदन अध्यापक महावीर शर्मा ने प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने सभी भामाशाह व अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया।

## आकोदा मीना व खोहरा चौहान सहित रैणी क्षेत्र में सभी जगह पर बास्योडा पर शितला माता को पूजा



गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के आकोदा मीना , भूडा , खोहरा चौहान सहित रैणी क्षेत्र के ज्यादातर गांवो में सोमवार को ही बास्योडा के रूप मे शितला माता ( सेड् माता) का पुजन किया गया। यहा पर हर साल शितला माता की पुजा होली के 8 दिन बाद में होती है और गाँव की महिलायें सुबह जल्दी ही 4 बजे से माता का पुजन करने के लिए घर से निकल जाती हैं और पकवान एक दिन पहले से ही बना दिया जाता है शितला माता को ठंडा पकवान से प्रसाद चढाया जाता है माता के मंदिर में पुजन करने के बाद में महिलाओं के द्वारा माता के भजन भी गाये गये और माता के स्थान पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ होने लग गयी।

## राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में मनाया महिला दिवस सप्ताह





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में महिला दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम मे 13 मार्च 2023 को महिला प्रकोष्ठ , योजना मंच और एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर हरगोविंद खरेरा ने की एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर भागीरथ मीना और प्रोफेसर अंजलि नागर ने बताया कि महिला एवम बाल विकास विभाग के आदेशों की अनुपालना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना था। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने एकल और सामूहिक नृत्य में जोर शोर से भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत चम्मच रेस , म्यूजिकल चेयर एवं अन्य खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में सभी छात्राओ ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर भागीरथ मीना के द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में प्रोफेसर भगवान सहाय मीना , प्रोफेसर राजेंद्र मीना और प्रोफेसर रेनू ने भूमिका निभाई। इस दौरान हीरालाल यादव, सीमा मीना , निशांत शर्मा , आनंद गोयल , रवि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे ।मिडिया को यह सारी जानकारी प्रोफेसर भागीरथ मीना के द्वारा दी गई।

## एसडी गवर्नमेंट कॉलेज के प्राचार्य ने वार्षिक परीक्षा को लेकर मिटिग में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सत्र 2022-23 की वार्षिक परिक्षायें आगामी 15 मार्च 2023 से आरम्भ होगी उपखण्ड के सबसे बड़े कॉलेज स. ध. राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । उपखण्ड के नवसृजित कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की विश्वविद्यालयी परीक्षा भी स. ध. राजकीय महाविद्यालय में ही आयोजित होगी। इस सम्बन्ध में संकाय सदस्यों की एक आवश्यक मीटिंग सोमवार को रखी गई जिसमें सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये । ज्ञातव्य है कि ब्यावर के एस. डी. कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर इस सत्र में लगभग साढ़े चार हजार नियमित तथा बारह हजार स्वयंपाठी परिक्षार्थी अपनी परीक्षा देने के लिए प्रविष्ठ होगें। परिक्षार्थियों के लिए छाया तथा पेयजल की समुचित व्यवास्था करने के लिए निर्देश जारी किये गये मिटिंग में निर्णय लिया गया कि नकल के मामलों में जीरो टॉलरेन्स अपनाया जायेगा एवं नकलचियों के विरुद्ध पुलिस में एफ. आई. आर. दर्ज करवाने के साथ ही अनुचित साधनों के प्रयोग का केस बनाया जाएगा। तथा साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा भवन में वर्जित रहेंगे ।




परिक्षार्थियों के बैग तथा मोबाईल परीक्षा भवन से बाहर जमा करवाने के लिए व्यवस्था कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. विरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि अवांछित गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए उपखण्ड अधिकारी तथा सिटी पुलिस थानाधिकारी को पत्र लिखा जायेगा ताकि कॉलेज में नियमित गश्त लगाई जा सके । इसके साथ ही तीनों पारियों में प्रोफेसर्स की फ्लाइंग ड्यूटी भी लगाई जायेगी । डॉ. सुशील कुमार बिस्सु ने सजग एवं निष्पक्षता से परीक्षा करवाने पर जोर दिया । डॉ. सोनराज मोसलपुरी ने आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा से परीक्षा सम्बन्धी राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के बारे में बताया। यह भी बताया गया कि परीक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षाथीर्यों को प्रवेश पत्र के साथ ही आधार कार्ड भी लेकर आना आवश्यक होगा । विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ में पी.जी. कक्षाओं की समय सारणी जारी की है तथा स्नातक परिक्षाओं की समय सारणी भी शीघ्र ही जारी की जायेगी ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान की सह प्रभारी विजया राहतकरी का ब्यावर आगमन पर हुआ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत




गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान की सह प्रभारी विजया राहतकरी जयपुर से पाली जाते हुए ब्यावर शहर के बलाड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर रुकी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रसून शुक्ला, भाजपा के ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेशमंत्री अभिषेक सिंह चौहान, भाजपा अजमेर देहात महिला मोर्चा की महामंत्री मंजू जांगिड व बलाड़ के सरपंच सुनिता चौधरी के नेतृत्व में राहतकरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण महिलायें व पुरुष उपस्थित थे। विजया राहतकरी ने बताया कि कांग्रेस के राज में पूरे प्रदेश में अराजकता फैली हुई है। महिलायें सुरक्षित नहीं है। बच्चियां असुरक्षित है। चोरियां बढ रही है, मर्डर हो रहे हैं। कुल मिलाकर प्रदेश असुरक्षित है। उन्होने बताया कि विरागंनाओं को लेकर कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने जो नीति अपनाई है उससे विरांगनाओं के परिजन बेहद परेशान है। एक विरांगना के चारों और सुरक्षा प्रहरियों को लगाकर उन्हें प्रताडित किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रसून शुक्ला ने कहा कि गहलोत सरकार के राज में ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। केन्द्रीय जल शक्ति विभाग से स्वीकृत पीने के पानी की योजना अभी तक ग्रामीण क्षैत्रों में नहीं पहुँचने से जहां लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है वहीं कांग्रेस विचारधारा के अधिकारी लोग इस योजना को धत्ता बताने में लगे हैं। शुक्ला ने ग्रामीणों के साथ भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश की सह प्रभारी विजया राहतकरी का गर्म जोशी के साथ स्वागत कर उन्हें भाजपा का दुपट्टा ओढाया। इस मौके पर भाजपा अजमेर देहात की जिलामंत्री मंजू जागिंड ने भी राहतकरी का माला पहना कर स्वागत किया। राहतकरी के स्वागत में रामसिंह रावत, श्रवण सिंह भाटी भारतीय जनता पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता किशोरसिंह सांगरवास, प्रेमसिंह चौहान, वार्ड पंच भंवरसिंह रावत, जीएसएस अध्यक्ष जयपाल बाना, फिरोज पठान, बब्लू सेठ, सुरेश ठेकेदार, सरपंच प्रतिनिधि जसवन्त बाना बलाड़, गोर्वधनसिंह रावत सरमालिया आदि उपस्थित थे।

## विधि कॉलेज अलवर के विधार्थियो ने जिला न्यायालय का किया भ्रमण

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** विधि कॉलेज अलवर के विधार्थियो ने एलएलबी प्रथम वर्ष , दितीय वर्ष , तृतीय वर्ष के विधाथीयो ने सोमवार को जिला न्यायालय का भ्रमण कर भारतीय न्याय व्यवस्था को समझने का प्रयास किया। विधार्थियों ने जिला न्यायालय की संरचना को व्यावहारिक रूप से समझा तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं से विधाथीयो ने विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान सहायक आचार्य डॉ मुकेश मीणा , सहायक आचार्य सुन्दर सिंह यादव , राकेश कुमार , कुलदीप सिंह , छात्र नेता रामराज मीणा , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धारासिंह गुर्जर , छात्रसंघ अध्यक्ष रघु यादव, महासचिव पूजा जागा , एडवोकेट . रिपुसूदन चौधरी, एडवोकेट . रिंकू कुमार , मनीष बोहरा , नरेश , लोकेश ,रजत , प्रिया , भावना , लवली , अदिति , शिवानी गुप्ता , अंशुल सोनी , वर्षा , सचिन गुर्जर , त्रिवेंद्र , सिमरन , विधिका , रितू , अरविंद , निरंजन ,सुमन यादव ,साहिल मेहरा , वर्षा , चंद्रशेखर ,मंजू , नेहा शर्मा , कपिल , आरती , जय गुर्जर , दिलीप टोडा , हरचरण , दीपेश , साहिल मेहरा , अनुज , विधिका , नेहा , अभिषेक कौशिक , विनोद सैनी सहित दर्जनों की संख्या में छात्र/छात्राऐ मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी छात्र नेता रामराज मीना के द्वारा दी गई है।




## संघर्ष : वे खुद देख नहीं सकते कि उनकी आवाज के हजारों कायल

गरीबो का सितारा




**सीकर, साधना सेठी।** यदि मन में कुछ करने का जुनून हो तो मुसीबत भी आड़े नहीं आ सकती है। यह साबित कर दिखाया है सीकर निवासी नेत्रहीन मोहित शर्मा ने। आज करणी माता गौशाला चेलाशी में गौ माता की सेवा कर के मनाया अपना जन्म दिन, इस मौके पर मदद फाउंडेशन की साधना सेठी ने, व श्री करणी माता गौशाला चेलासी के कोषाध्यक्ष झाबर सिंह ने, ओम प्रकाश कुमावत, ज्योति तनवानी, ने, मोहित का सम्मान किया, राकेश शर्मा ने बताया की,वह देख नहीं सकते, लेकिन उनकी सुरीली आवाज का हर कोई कायल है। जिले में ऐसा कोई राजकीय कार्यक्रम नहीं होता जिसमें मोहित की आवाज सुनने को नहीं मिले। अब तक कई कलक्टर और कई जनप्रतिनिधि मोहित को सम्मानित कर चुके हैं। मोहित ने भी बिना विशेष शिक्षकों के सीकर के राजकीय स्कूल से पढ़ाई की। मोहित ने कक्षा दसवीं में 81 फीसदी अंक हासिल किए हैं। कक्षा 12 वीं में मोहित ने 96.80 फीसदी अंक हासिल कर सीकर का मान बढ़ाया। फिलहाल वह बीएड की पढ़ाई करने में जुटे है। उनका कहना है कि नेत्रहीन बच्चों की जिदंगी संवारने के लिए उन्होंने शिक्षक के पेशे को चुना है। नेत्रहीन मोहित जवाहर कला केन्द्र जयपुर में मंचित नाटक अन्नत की आंखों में अहम रोल निभा चुके है। शिक्षा के क्षेत्र विभिन्न खेल व संगीत प्रतियोगिताओं में बाजी मारने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से राज्यस्तरीय विशेष योग्यजन पुरस्कार दिया गया। मोहित का संघर्ष प्रदेशभर के दिव्यांगों के लिए एक मिसाल है।

सुरक्षा के नाम पर राम का नाम

## निम्भोंर पुलिस चौकी प्रांगण में खुले आसमान नीलामी को तरस रहे वाहन

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत निम्भोंर पुलिस चौकी में लम्बे समय से सैकड़ो दुपहिया व चौपहिया वाहन खुले आसमान व बिना सुरक्षा के कबाड़ की भांति अपने मालिक या नीलामी के बाद सड़क पर दौड़ने को तरस रहे है। इस चौकी में सुरक्षा के नाम पर केवल मात्र राम का नाम है। चौकी भवन के चारों ओर जप्त वाहनों का जमावड़ा लगा हुआ है। लेकिन यहां किसी प्रकार की तारबंदी या चार दिवारी नहीं है। लाखों की जब्त बाइक व अन्य वाहन बर्बाद हो रहे हैं। इन वाहनों की ना तो संबंधित अधिकारियों के द्वारा नीलामी हो रही है। ना ही वाहन मालिक इन्हें छुड़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। यह वाहन विभिन्न मामलों में जब्त है जो अब धूप में पड़े होने से कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। इनमें से अधिकतर




को तो लम्बे समय से इनके मालिक छुड़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं। जबकि कई वाहन एनडीपीएस जैसे दूसरे संगीन मामलों में होने के कारण छूट नहीं पा रहे है। न्यायालय से इन मामलों का निस्तारण नहीं होने से वाहन भी छूट नहीं पाते है। जानकारी के अनुसार वाहन जब्त के 6 माह बाद नीलामी की कार्यवाही शुरू होती है। पुलिस के मुताबिक 6 माह तक वाहन न छूटने पर नीलामी की कार्रवाई शुरू कर दी जाती है। इसके बाद वाहन मालिक को नोटिस भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में भी लगभग छह माह बीत जाते हैं। लगभग एक साल बाद इसकी रिपोर्ट बनाकर संबंधित अधिकारी को भेजी जाती है। वहां से नीलामी प्रक्रिया की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाती है। यह पूरी तरह तय हो जाए कि वाहन मालिक वाहन लेने की स्थिति में नहीं है। और वाहन की रखवाली करना प्रशासन की मजबूरी है, तब उसे नीलाम किया जाता है। जिन मामलों को लेकर अदालत में मामला विचाराधीन हो, उसमें नीलामी नहीं की जाती।

> निम्भोंर पुलिस चौकी मालखाना है जब्त वाहनों को यहा रखा जाता है। वर्तमान में वाहनों की नीलामी के विषय में कोई सूचना नहीं है न्यायालय के आदेश पर प्रक्रिया चालू होगी सुरक्षा को लेकर जल्द उचित इंतजाम किया जाएगा।
>
> **एडिशनल एसपी जगराम मीणा**
>
> ऐसे वाहनों की नीलामी प्रक्रिया लंबी होती है। प्रशासन की देखरेख में नीलामी प्रक्रिया पूरी करवाई जाती है, जिसमें काफी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं।
>
> **थानाधिकारी वीरेन्द्र पाल विश्नोई**

## महेंद्रगढ़ में पैंथर ने बनाया 4 साल के बछड़े को निशाना, ग्रामीणों में दहशत

**पगमार्ग मिलने व मवेशियों को निवाला बनाने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय मगर ग्रामीणों में भय व्याप्त**

गरीबो का सितारा



**गुरला/बद्री लाल माली गुरला।** क्षेत्र के महेंद्रगढ़ में बीती रात पैंथर ने गाय के बछड़े को निवाला बना लिया हालांकि वन विभाग की टीम सक्रिय हैं मगर फिर भी ग्रामीणों में भय व्याप्त हैं। महेंद्रगढ़ निवासी शम्भू सिंह पिता मिट्ठू सिंह गेहलोत ने बताया कि तालाब के पीछे के रास्ते पाबु नगर स्थित उनके खेत पर बने मवेशियों के रहने के बाड़े में से बीती रात एक पैंथर ने गाय के 4 साल के बछड़े को गरदन पर झपट्टा मारकर शिकार करके उसे बाड़े से खींचकर दूर अन्यत्र झाड़ियों में ले गया । जहां उसे पैंथर ने अपना निवाला बना लिया। जब शम्भू सिंह बाड़े में मवेशियों को चारा पानी डालने के लिए गया तो बछड़े को बाड़े में नहीं देख कर हैरान हो गया। वही मौके पर जमीन पर बछड़े के घसीटन को देखा तो उसके सहारे वो बछड़े को ढूंढता हुआ बाड़े से बाहर गया। जहां कुछ ही दूरी पर झाड़ियों में क्षतविक्षत होकर बछड़ा मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसकी जानकारी शम्भू सिंह ने महेंद्रगढ़ सरपंच ललिता सोमानी को दी। सरपंच सोमानी ने वन विभाग की टीम को सूचित किया हैं। वही शम्भू सिंह ने बताया कि एक महीने पहले भी पैंथर ने 3 स्वान के बच्चों को अपना शिकार बना लिया था। पैंथर के पगमार्क गेहलोत के खेत में देखने और गाय के बछड़े के शिकार के बाद अब पैंथर को लेकर महेंद्रगढ़ वासियों में भय व्याप्त हैं। इधर सूचना पर वन विभाग के नारायण सिंह और नानूराम भी पाबूनगर मौके पर पहुँचे जिन्होंने झाड़ियों में पैंथर के पगमार्ग की पुष्टि की वही झाड़ियां साफ करवाकर पिंजरा लगाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया हैं। मगर अब देखना यह हैं कि वन विभाग की टीम पैंथर को कब पिंजरे में कैद कर ग्रामीणों को राहत प्रदान करती हैं।

मिली नवीन जिम्मेदारी...

## होली स्नेह मिलन समारोह में सरस्वती एनक्लेव विकास समिति की कार्यकारिणी के हुए वार्षिक चुनाव

**सुरेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष और हेतप्रकाश व्यास को सर्वसम्मति से चुना गया प्रचार मंत्री**

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** आगरा रोड स्थित सरस्वती एनक्लेव विकास समिति की ओर से रविवार को कॉलोनी में होली स्नेह मिलन समारोह एवं वार्षिक चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सुरेश कुमार गुप्ता को अध्यक्ष और हेतप्रकाश व्यास को सर्वसम्मति से प्रचार मंत्री चुना गया। **नवनियुक्त** अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि कार्यकारिणी का उद्देश्य कॉलोनी से जुड़ी समस्याओं जैसे पक्की सड़क, रोड लाइट, सीवरेज की व्यवस्था करवाना और क्षेत्र में सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कॉलोनी से जुड़ी समस्याओं से संबंधी ज्ञापन बनाकर मिशन मोड में जनप्रतिनिधियों से मिला जाएगा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। हनुमंत सिंह को संरक्षक, रामबाबू खंडेलवाल, अशोक गोयल, प्रदीप गौतम, जगदीश शर्मा को सह संरक्षक, श्री ओमप्रकाश कूलवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष, अंकित शर्मा, महासचिव, विशाल शर्मा, कोषाध्यक्ष, उमाशंकर खंडेलवाल, संयुक्त सचिव, महेश शर्मा, सहायक कोषाध्यक्ष, कमलेश खंडेलवाल, संगठन मंत्री, विजय शर्मा, सांस्कृतिक मंत्री, हेमंत खंडेलवाल, प्रवक्ता चुना गया इनके अलावा कृष्णा कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, उमेश शर्मा, रामावतार कुलवाल, कैलाश खंडेलवाल, सतीश खंडेलवाल, दीपक खंडेलवाल, चंद्रशेखर राय, श्रवण खंडेलवाल, रोमित नाटाणी को विशेष आमंत्रित सदस्य और सुनील धामानी, सुरेंद्र जांगिड़, चेतन शर्मा, अमित रावत, प्रदीप शर्मा, गौरी शंकर जंगम, नगेंद्र शर्मा को गली संयोजक बनाया गया। होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## गोवंश भरे ट्रक को रूकवाया, गुस्साई भीड़ ने गोवंश मुक्त करा तोड़फोड़ कर ट्रक को किया आग के हवाले

गरीबो का सितारा




**भीलवाड़ा/ ब्यूरो चीफ प्रहलाद।** तेली क्षेत्र के शाहपुरा जहाजपुर नेशनल हाइवे पर कादीसहना टोल प्लाजा के पास शाहपुरा की तरफ से जहाजपुर की तरफ जा रहे गोवंश से भरे ट्रक को कुछ लोगो ने रुकवाया और गोवंश मुक्त कराए,संदिग्ध गोवंश भरे होने व गौ तस्करी की सूचना पर सैकडो लोगो की भीड़ ने ट्रक में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया जिससे ट्रक का आगे का हिस्सा जल कर खाक हो गया, मौके पर पुलिस पहुंची और दमकल बुला कर आग बुझाई जानकारी के अनुसार शाहपुरा जहाजपुर नेशनल हाइवे पर कादीसहना टोल के पास रात 1 बजे गोवंश से भरा ट्रक शाहपुरा से जहाजपुर की ओर जा रहा था तभी ग्रामीणों ने संदिग्ध गोवंश भरे होने से उसे रुकवाया और तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया वही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया ।सूचना पर शाहपुरा थानाधिकारी राजकुमार नायक मौके पर पहुंचे और दमकल की मदद से ट्रक में लगी आग पर काबू पाया। ट्रक में 60 से अधिक गोवंश ठूस ठूस कर भरे हुए थे जिन्हे ग्रामीणों और राहगीरों ने मुक्त करवाया ।वही घटना की सूचना पर सैकडो लोगो की भीड़ मौके पर पहुंच गई जिससे शाहपुरा जहाजपुर नेशनल हाइवे पर जाम लग गया ।2 घंटे तक गुस्साई भीड़ ने नारेबाजी कर ट्रक में तोड़फोड़ कर आग के हवाले किया ।तथा ड्राइवर ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया ।थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया की अभी तक किसी प्रकार की रिपोर्ट नही दी गई।

## गंगापुर में नर्सेज यूनियन ने 6 सूत्री मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** प्रदेश स्तरीय चलाए गए अभियान के तहत राजस्थान नर्सेज यूनियन ब्लाक सहाड़ा गंगापुर के अध्यक्ष नूर मोहम्मद खान के नेतृत्व में नर्सेज की 6 सूत्री मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी गंगापुर को ज्ञापन दिया गया जिसके अंतर्गत नर्सिंग ऑफिसर एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद को राजपत्रित करने, प्रथम नियुक्ति संविदा से राजकीय सेवा परिलाभ दिलवाने व वेतन विसंगति परीक्षण समिति की अभिशंषा लागू कर राज्य में नर्सेज के वेतन विसंगतियों को दूर कर वेतन भत्तों में सुधार करने, चिकित्सकों के तर्ज पर नर्सिंग ऑफिसर को भी डीएसीपी 6, 12, 18, 24 वर्ष अंतराल पर पदोन्नति करने नर्सेज को एसीपी 9, 18, 27 वर्षीय के अलावा 7,14,21,28 वर्षीय एसीपी का लाभ देने तथा अति महत्वपूर्ण मांग महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता नर्सिंग ऑफिसर एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर दी जाने वाली दी जाने वाली अति आवश्यक दवाई लिखकर प्राथमिक उपचार करने का अधिकार देने संबंधित मांगे रखी गई ! यूनियन के उपाध्यक्ष गोपाल रेगर एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मारु ने कहा कि उक्त मांगों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री महोदय हमारे इन समस्याओं का समाधान जरूर करेंगे । इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर गिरिराज जीनगर, प्रीतम कोठारी शाहिद अंसारी, मनीषा जीनगर, जितेंद्र कुमार मारु ,गोपाल रैगर, पुष्पा खंडेला, भगवती कुमावत, तारा जाट, मोना स्वर्णकार, भूपेंद्र प्रजापत आदि नर्सिंग कर्मचारी उपस्थित थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप



### सुपरकिंग्स के 'एक्स फेक्टर' होंगे जडेजा

**मुंबई।** भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी टूर्नामेंट में चार बार के चैंपियन सीएसके के लिए 'एक्स फेक्टर' होंगे। हरभजन ने कहा, 'एक व्यक्ति जिस पर सभी को नजर रखनी चाहिए वह रविंद्र जडेजा हैं, खासकर वह सीएसके के लिए कैसे बल्लेबाजी करते हैं। उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है और वह चार ओवर भी फेंकेगा। अगर आप इसे विश्व क्रिकेट के नजरिए से देखें तो मुझे नहीं लगता कि उनसे बेहतर कोई ऑलराउंडर है।'

### बाबर, शाहीन को विश्राम शादाब करेंगे कप्तानी

**लाहौर।** पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सहित सीनियर क्रिकेटरों को अफगानिस्तान के खिलाफ 24 मार्च से शारजाह में शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आराम दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की राष्ट्रीय चयन समिति ने ऑलराउंडर शादाब खान की अगुआई वाली टीम में सलामी बल्लेबाज मुहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ और अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां को भी शामिल नहीं किया है। टीम में चार नए चेहरों तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह, जमान खान और बल्लेबाज तैय्यब ताहिर और सईम अयूब को शामिल किया गया है।



### अपने कमरे में अक्सर रो देता था : सिराज

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पिता के निधन पर अपनी भावनात्मक संघर्ष के बारे में कहा कि वह कोविड-19 महामारी के दौरान 'बायो-बबल' में रहने के दौरान आने कमरे में अक्सर रोते रहते थे। हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज के पिता मोहम्मद गौस का नवंबर 2020 में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। सिराज इस समय ऑस्ट्रेलिया में थे और वैश्विक महामारी के कारण लागू पृथकवास प्रतिबंधों के कारण वह उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके।



### ऑस्ट्रेलिया ने टीम चयन में की गलती : माइकल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने अहमदाबाद टेस्ट की पिच को 'बैट-ए-थॉन (बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त)' करार देते हुए मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली तेज गेंदबाजों द्वारा बाउंसर और यॉर्कर का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं करने की आलोचना की। ऑस्ट्रेलिया के लिए 38 टेस्ट मैच खेलने वाले कास्प्रोविच 2004-05 में भारत दौरे पर टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली टीम के सदस्य थे।

CRICKET AUSTRALIA

### कीनिया ओपन में 65वें स्थान पर रहे मनु गंडास

**नैरोबी।** भारत के मनु गंडास मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ प्रतियोगिता के अंतिम दौर में एक ओवर 73 का ही स्कोर बना पाए और इस तरह से संयुक्त 65वें स्थान पर रहे। गंडास ने चौथे और अंतिम दौर में तीन बर्डी बनाई, लेकिन इस बीच उन्होंने चार बोगी भी की। उनका कुल स्कोर एक अंडर 283 रहा। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा कट में जगह नहीं बना पाए थे। स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो ने दो स्ट्रोक की बढ़त से अपना तीसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।





# भारत बना बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी चैंपियन, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में बनाई जगह, ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में 2-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में हराया। टीम इंडिया ने 2-1 से श्रृंखला अपने नाम की। चौथा टेस्ट पांचवे दिन ड्रॉ रहा। भारत ने इस मैच के खत्म होने से पहले ही हालांकि लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था।रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया कंगारुओं से लगातार चार टेस्ट सीरीज जीतने वाली एशिया की पहली टीम बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने लगातार छठी बार घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की है। इससे पहले, टीम इंडिया को 2004 में अपने घर में पराजय झेलनी पड़ी थी।

- टीम इंडिया डब्लूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जून में देगी चुनौती
- चौथा और अंतिम टेस्ट मैच रहा ड्रॉ

भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से पहले के समीकरण में श्रीलंका को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर 2-0 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन श्रृंखला के शुरुआती मैच में उसकी हार ने भारत की जगह पक्की कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले टेस्ट मैच को जीत कर पहले ही डब्लूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। डब्लूटीसी का फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी बार टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2017 में घरेलू श्रृंखला के अलावा 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया था।



### ड्रॉ पर सहमत हुए कप्तान

*मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बिना दबाव के खेलते हुए बल्लेबाजी अभ्यास पर जोर दिया। हेड ने 163 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाने के साथ लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी कर मैच को भारत की पकड़ से दूर कर दिया। दोनों कप्तान जब मैच ड्रॉ करने पर सहमत हुए तब लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 रन बना कर खेल रहे थे। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 175 रन (पारी घोषित) था। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 480 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम ने 571 रन बनाते हुए पहली पारी में 91 रनों की बढ़त हासिल की।*

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे

*2016-17, भारत में : भारत की 2-1 से सीरीज जीता*
*2018-19, ऑस्ट्रेलिया में : भारत की 2-1 से सीरीज जीत*
*2020-21, ऑस्ट्रेलिया में : भारत की सीरीज में 2-1 से जीत*
*2022-23, भारत में : भारत ने 2-1 से सीरीज जीता*

### भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का हाल (2023)

**पहला मैच (नागपुर) : भारत की एक पारी और 132 रनों से जीत**
**दूसरा मैच (दिल्ली) : भारत छह विकेट से जीता**
**तीसरा मैच (इंदौर) : ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट से जीत**
**चौथा मैच (अहमदाबाद) : मैच ड्रॉ**

### डब्लूटीसी प्वाइंट टेबल

| रैंक | देश | पीसीटी | जीत | हार | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 68.52 | 11 | 3 | 4 |
| 2 | भारत | 60.29 | 10 | 5 | 2 |
| 3 | द.अफ्रीका | 55.56 | 8 | 6 | 1 |
| 4 | श्रीलंका | 48.48 | 5 | 5 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कुहनेमैन पगबाधा अश्विन | 06 | 35 | 1 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो अक्षर | 90 | 163 | 10 | 2 |
| मार्नुस लाबुशेन नाबाद | 61 | 213 | 7 | 0 |
| स्टीव स्मिथ नाबाद | 10 | 59 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 78.1 ओवर में 175/2
गेंदबाजी : अश्विन 24-9-58-1, जडेजा 20-7-34-0, शमी 8-1-19-0, अक्षर 19-8-36-1, उमेश 5-0-21-0, शुभमन 1.1-0-1-0, पुजारा 1-0-1-0.

### सीरीज में सबसे ज्यादा स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | रन |
|---|---|---|
| उस्मान ख्वाजा | ऑस्ट्रेलिया | 333 |
| विराट कोहली | भारत | 297 |
| अक्षर पटेल | भारत | 264 |
| मार्नस लाबुशेन | ऑस्ट्रेलिया | 244 |
| रोहित शर्मा | भारत | 242 |

**सीरीज में सबसे ज्यादा विकेटटेकर**

| खिलाड़ी | देश | विकेट |
|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | भारत | 25 |
| रवींद्र जडेजा | भारत | 22 |
| नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 22 |
| टॉड मर्फी | ऑस्ट्रेलिया | 14 |
| मोहम्मद शमी | भारत | 9 |

## सीरीज जीत के पांच हीरो

### अश्विन ने झटके सर्वाधिक 25 विकेट

भारतीय टीम की सीरीज जीत के सबसे बड़े हीरो प्लेयर ऑफ द सीरीज ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रहे। अश्विन ने 8 पारियों में 17.28 की औसत से 25 विकेट चटकाए। इस दौरान अश्विन ने दो बार पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट लिए। अश्विन ने बल्ले से भी उपयोगी योगदान देते हुए कुल 86 रन बनाए।

### रवींद्र जडेजा

टीम इंडिया की सीरीज जीत में रवींद्र जडेजा ने अहम रोल निभाया। जडेजा ने पूरी सीरीज में गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने आठ पारियों में 18.86 की औसत से 22 विकेट लिए, जिसमें दो पांच विकेट हॉल शामिल रहे। बल्लेबाजी की बात करें तो जडेजा ने 27 के एवरेज से 135 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और आर. अश्विन को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

### अक्षर पटेल

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अक्षर पटेल के गेंद से कमाल दिखाने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने बल्ले से कमाल कर दिया। बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने पांच इनिंग्स में 88 की धांसू औसत से 264 रन बनाए, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे। इस सीरीज में अक्षर पटेल से ज्यादा रन उस्मान ख्वाजा और विराट कोहली ने बनाए।

### विराट कोहली

प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली आखिरकार इस सीरीज के जरिए अपना शतकीय सूखा खत्म करने में कामयाब रहे। कोहली ने अहमदाबाद टेस्ट मैच में 186 रनों की शानदार पारी खेली। कोहली भारत के लिए इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर रहे। कोहली ने छह पारियों में 49.50 के एवरेज से 297 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल था।

### कप्तान रोहित ने बनाए 242 रन

कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी के साथ ही कप्तानी में अपने प्रदर्शन से फैन्स का दिल जीतने में कामयाब रहे। रोहित ने छह पारियों में 40.33 की औसत से 242 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल रहा। रोहित ने नागपुर टेस्ट मैच में गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर 120 रनों की शानदार पारी खेली। रोहित शर्मा का यह शतक टेस्ट सीरीज का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ।

## ब्रूक और गार्डनर बने 'प्लेयर ऑफ द मंथ'





एजेंसी ▸▸ दुबई

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को भारत के रविंद्र जडेजा और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती को पछाड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का फरवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर ने महिला वर्ग में बाजी मारी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ब्रूक को दूसरी बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह पाकिस्तान के बाबर आजम सहित सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है।

हाल में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत गार्डनर को दूसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भी उन्हें महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

## शिखा की गेंदबाजी और बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन ने दिल्ली को दिलाई जीत



एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई

शिखा पांडे की धारदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में छह विकेट से हरा दिया। आरसीबी की यह पांच मैचों में पांचवीं हार है। इस जीत से दिल्ली की टीम के मुंबई इंडियन्स के समान आठ अंक हो गए हैं, लेकिन मुंबई की टीम बेहतर रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बेंगलोर के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने मारिजान केप (32 गेंद में नाबाद 32, तीन चौके, एक छक्का) और जेस जोनासेन (15 गेंद में नाबाद 29, चार चौके, एक छक्का) के बीच पांचवें विकेट की 45 रन की अटूट साझेदारी से 19.4 ओवर में चार विकेट पर 154 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली के लिए एलिस कैप्से (38) और जेमिमा रोड्रिग्स (30) ने भी उपयोगी पारियां खेली। आरसीबी ने एलिस पैरी (52 गेंद में नाबाद 67, पांच छक्के, चार छक्के) के अर्धशतक और रिचा घोष (16 गेंद में 37 रन, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट की उनकी 74 रन की तेजतर्रार साझेदारी से चार विकेट पर 150 रन बनाए थे। इन दोनों की पारियों से आरसीबी की टीम अंतिम छह ओवर में 82 रन जोड़ने में सफल रही।

## एशिया कप और विश्व कप पर अपने विकल्प खुले रखे

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर 'जल्दी स्थिति स्पष्ट' करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की अगली बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारे सामने जटिल मुद्दे हैं लेकिन जब मैं एसीसी और आईसीसी की बैठकों में जाऊंगा तो मुझे सभी विकल्प खुले रहने होंगे। हमें हालांकि अब स्थिति स्पष्ट कर लेनी चाहिए।' पीसीबी हालांकि इस बात पर अडिग है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए उनके देश का दौरा नहीं करेगी तो पाकिस्तान को भी भारत में विश्व कप नहीं खेलने के बारे में सोचना होगा।

## मैं रहता तो पक्का आउट होता- अंपायर से बोले कोहली:पुजारा-गिल की बॉलिंग, ख्वाजा-कैरी को मिली विराट की जर्सी; अहमदाबाद टेस्ट के मोमेंट्स

**अहमदाबाद।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सोमवार को पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 175/2 के स्कोर पर घोषित की। जिसके बाद दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ मिलाकर ड्रॉ पर सहमति बनाई। 186 रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वहीं रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। टीम इंडिया के बैटर चेतेश्वर पुजारा और शुभमन गिल ने बॉलिंग की और कोहली ने मजाकिया अंदाज में अंपायर नितिन मेनन को ताना मारा।

### 1. पुजारा, गिल ने की बॉलिंग

मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन तीसरे सेशन में बैटिंग कर रहे थे। तभी भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शुभमन गिल को बॉलिंग दी। उनके बाद चेतेश्वर पुजारा को भी बॉलिंग करने का मौका दिया। गिल ने 1.1 ओवर में एक रन दिया। पुजारा ने भी एक ओवर बॉलिंग कर एक ही रन दिया। दोनों प्रमुख रूप से बैटिंग करने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन टेस्ट मैच ड्रॉ होते देख कप्तान रोहित ने दोनों से बॉलिंग करवाई। पुजारा और गिल दोनों ही ऑफ स्पिन बॉलिंग करते हैं।

### 2. 'मैं रहता तो जरूर आउट होता'

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का 35वां ओवर रविचंद्रन अश्विन फेंक रहे थे। ओवर की तीसरी बॉल ट्रेविस हेड के पैड पर लगी, बॉलर ने अपील की, लेकिन अंपायर नितिन मेनन ने उन्हें नॉटआउट दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल का कुछ हिस्सा स्टंप्स से लग रहा था। लेकिन मैदानी अंपायर द्वारा नॉटआउट देने के बाद 'अंपायर्स कॉल' होने की वजह से बैटर ट्रेविस हेड बच गए। इस बॉल के बाद स्लिप पोजिशन में खड़े विराट कोहली ने मेनन की ओर देखकर कहा, 'मैं रहता तो जरूर आउट होता।' अंपायर मेनन भी कोहली को देखकर मुस्कुराने लगे। दरअसल, कोहली इस सीरीज में कई बार अंपायर्स कॉल होने की वजह से आउट हुए हैं। इसी कारण उन्होंने मजाकिया अंदाज में मेनन को ताना मारा।

### 3. कोहली ने गिफ्ट की जर्सी

मैच खत्म होने के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को अपनी जर्सी गिफ्ट की। जर्सी पर उन्होंने अपना ऑटोग्राफ भी दिया। इउउक ने विराट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वह ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा और विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जर्सी गिफ्ट करते नजर आए।

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप : भारत को खिताब जीते हो गए 22 साल

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

चोट से वापसी कर रहे और खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए देश का इंतजार खत्म करने के लिए पूरे दमखम के साथ खेलना होगा। किसी भारतीय खिलाड़ी को इस प्रतिष्ठित खिताब को जीते हुए 22 साल हो गए हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) ने महान प्रकाश पादुकोण (1980) का अनुसरण किया था और यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने थे। लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वे खिताब के सूखे को खत्म करने में विफल रहे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस



टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां इस बार भी मुश्किल होगी। सेन और सिंधू दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी पर नए सत्र की खराब शुरुआत की है। सेन के सामने शुरुआती दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन की



चुनौती होगी जबकि सिंधू को चीन की झांग यी मान से भिड़ेंगी। शीर्ष रैंकिंग की पूर्व खिलाड़ी साइना नेहवाल के सामने शुरुआती दौर में चीन की हान यूई की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय में शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले नौवें स्थान के खिलाड़ी एचएस प्रणय से उलटफेर की उम्मीद होगी।

### एकल में किसी भी भारतीय को नहीं मिली वरीयता

*पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे किदांबी श्रीकांत फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ उतरेंगे। इस बार एकल वर्ग में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को वरीयता नहीं दी गई है ऐसे में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की छठी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी अपने अभियान को आगे तक ले जाना चाहेगी। अन्य भारतीय में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष जोड़ी चीन के रेन शियांग यू और तान कियांग की जोड़ी से पहले दौर में भिडेगी। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के सामने पहले दौर में जोंगकोलफान किटीथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजई की थाइलैंड की जोड़ी होगी। ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित जोड़ी और अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की महिला जोड़ी भी मैदान में है।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# दांतारामगढ़ में कार्यकताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया चौधरी नारायण सिंह का जन्मदिवस

## चौधरी सिंह ने अपने पुत्र विधायक वीरेंद्र सिंह के साथ मिलकर काटा केक









### दांतारामगढ़ विधानसभा के कई स्थानीय कांग्रेस जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे

गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़, विनोद धायल/ नरेंद्र कुमावत।** कांग्रेस के पूर्व पीसीसी चीफ एवं वरिष्ठ नेता दातारामगढ़ के पूर्व विधायक चौधरी नारायण सिंह का 89 वां जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया है। चौधरी नारायण सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में दांता कस्बे में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सैकड़ों रक्तदाता उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। चौधरी नारायण सिंह ने अपने पुत्र विधायक वीरेंद्र सिंह के साथ मिलकर अपने जन्मदिवस का केक काटा। वहीं कांग्रेस कार्यकताओं ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चौधरी नारायण जी को साफा व माला पहनाकर जन्म दिवस की बधाइयां दी। विधायक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उनके पिता चौधरी नारायण सिंह जनता के साथ धरातल से जुड़े हैं और इसी के चलते जनता के द्वारा प्रतिवर्ष चौधरी नारायण सिंह के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन होता है। आपको बता दें कि चौधरी नारायण सिंह लगातार सात बार दांतारामगढ़ से विधायक रह चुके हैं और अब उनके पुत्र चौधरी वीरेंद्र सिंह दांतारामगढ़ के विधायक हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य जयंत निठारवाल, पूर्व प्रधान भंवर लाल वर्मा, सरपंच प्रेम देवी परसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पूरणमल सोनी सहित सैकड़ों स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच पंचायत समिति सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जलदाय कर्मचारी एवं जनता जल योजना श्रमिकों द्वारा सीएम का किया भव्य स्वागत

## संघ के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने भी किया मंच को संबोधित

### मुख्यमंत्री का स्वागत करने के साथ ही कार्यो की करी सराहना

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट घोषणा में कार्यप्रभारित कर्मचारियों के डाईग केडर को समाप्त कर पदोन्नति की घोषणा करने एवं जनता जल योजना श्रमिकों को जलदाय विभाग में समायोजित करने की घोषणा पर सोमवार को जनता जल श्रमिकों एवं जलदाय कर्मियों द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर जाकर अशोक गहलोत का सूत की माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। संघ के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में 1995 के बाद से कार्यप्रभारित कर्मचारियों के कैडर को डाईग कैडर घोषित कर दिया गया था जिनकी वजह से कार्यप्रभारित कर्मचारियों के पदौन्नति के अवसर समाप्त हो गये थे जिसकी वजह से कर्मचारी जिस पद पर भर्ती हुआ था उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहा था। साथ ही जनता जलयोजना श्रमिकों को पंचायत राज के अधिन होने से समय पर वेतन नहीं मिलता था जिसे श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर महासंघ एकीकृत अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व मे सरकार के समक्ष धरने प्रदर्शन कर समय समय पर ज्ञापन दिये गये थे और आन्दोलन की चेतावनी भी दी गई थी आन्दोलन की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वत करते हुए विश्वास दिलाया था कि बजट के दौरान कार्यप्रभारित कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाएंगे और जनता जल योजना श्रमिकों को जलदाय विभाग में समायोजन कर नियमित करने की कार्रवाई की जाएगी। बजट घोषणा में कार्यप्रभारित कर्मचारियों को पदौन्नति करने व जनता जलयोजना श्रमिकों को





जलदाय विभाग के अधिन किये जाने की घोषणा की गई जिससे कर्मचारियों मे खुशी की लहर दौड गई। खुशी से सोमवार को कर्मचारी राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रधान कार्यालय ज्योति नगर पहुंचे और वहां से रैली के रूप मे प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व मे हजारों कर्मचारी सिविल लाइन



जयपुर पर एकत्रित हुये। दूसरी और जनता जल कर्मी जलभवन जयपुर पर एकत्रित होकर प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल के नेतृत्व मे हजारों कर्मचारी सिविल लाइन फाटक के पास पहुंचे। दोनों संगठनों के करीब 5 हजार कर्मचारी महासंघ प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर सभा की। सभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कर्मचारियों की मांगे पूरी करने पर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री जिन्दाबाद के नारे जम कर लगायें। सभा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सम्बोधित करते हुये दूर दराज से आये हुये कर्मचारियों को कहा कि आप गांव गांव जाकर रात दिन एक कर प्रदेश की जनता को पानी सप्लाई जैसा महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है ऐसे मे मेरे मुखिया होने के नाते मेरा फर्ज बनता है की आपकी समस्याओं का समय पर समाधान करू, लेकिन आपसे उम्मीद करता हूं कि आप सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आगे भी जो आपकी वाजिब मांग बकाया है उन्हें शीघ्र पूरी करूंगा। इस अवसर पर कर्मचारियों ने भी विश्वास दिलाया की हमें जो दायित्व दिया गया है उसे ईमानदारी से पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा जनता जल कर्मचारियों नियमित किये जाने की घोषणा सभा मे की गई जिसका कर्मचारियों करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोबिन्द, वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप यादव, जेजेवाई प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद राय अग्रवाल, प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह शेखावत, घासीराम जाट, विनोद वशिष्ठ, मुरारी सैन, जगदीश सैनी, प्रेम सिंह रूपावत, छोगाराम, बत्ती लाल मीणा, विजेंदर इंडाली, उदय सिंह, तेजप्रकाश चतुर्वेदी, सहीद भाई, अशोक शर्मा पाली, विनोद पारीक, प्रभुसिंह रावत सहित अन्य हजारों कर्मचारी उपस्थित थे।

# पशुपालन विभाग में जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ समापन

## टूनार्मेंट का शुभारंभ फुलेरा नोडल अधिकारी डॉ. राज सिंह शेखावत एवं पशु चिकित्सा सहायक भागचंद तंवर द्वारा फीता काटकर किया

गरीबों का सितारा







**जोबनेर, राजेंद्र शर्मा।** पशुपालन विभाग जयपुर के पशु चिकित्सा कर्मचारियों का जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट नोडल जोबनेर एवं नोडल फुलेरा क्रिकेट टीम के संयुक्त तत्वाधान में डीके मेमोरियल स्कूल नयाबास, जोबनेर के क्रिकेट खेल मैदान में आयोजन किया गया। जिला स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ फुलेरा नोडल अधिकारी डॉ. राज सिंह शेखावत एवं पशु चिकित्सा सहायक भागचंद तंवर द्वारा फीता काटकर किया गया। जोबनेर टीम के कप्तान रामनिवास नटवाडिया व रामअवतार कुमावत ने बताया कि जिला स्तरीय टूनार्मेंट में जयपुर जिले की 10 तहसीलों की टीमों ने हिस्सा लिया इस टूनार्मेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर जिले के सयुंक्त निदेशक डॉ प्रवीण कुमार सेन एवं झोटवाड़ा नोडल अधिकारी डॉ. आर के बोहरा का मेजबान टीम जोबनेर व फुलेरा के टीम कप्तान क्रमशः रामनिवास नटवाडिया, हीरालाल जाट, रामअवतार कुमावत ने साफा बंधवाकर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। टूनार्मेंट का फाइनल मैच नोडल बगरू टीम व हिंगोनियां गौशाला टीम के बीच हुआ जिसमें बगरू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रनों से अपनी जीत हासिल की नोडल जोबनेर, फुलेरा के संयुक्त तत्वाधान में विजेता टीम बगरू के कप्तान सांवरमल यादव को ?11000 का चेक, ट्रॉफी एवं उपविजेता हिंगोनियां गौशाला टीम के कप्तान जयप्रकाश सांखला को रू 5100 का चेक, व ट्रॉफी जिले के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार सेन एवं झोटवाड़ा नोडल अधिकारी डॉ. आर के बोहरा द्वारा दिलवाई गई। टूनार्मेंट में पशु दवा कंपनी वीएचपीएल, वेटसाइन, पेटवेट, ईन्टास व नेचुरल रेमेडीज के द्वारा भी सराहनीय सहयोग किया गया। इस टूनार्मेंट में मेजबान टीम जोबनेर व फुलेरा के हीरालाल जाट, विनोद चौधरी, सीताराम नागा, सुवालाल जाट, शिवजी राम गैनण, शीशपाल दूधवाल, वीरेंद्र जाजोरिया, यशवंत यादव, महेश बरडवाल, मुकेश यादव, महेश चावला, कमल चौधरी, राजेंद्र बरडवाल, अर्जुन खोखर, कैलाश जीतरवाल, राजकुमार जाखड़, धन्ना लाल यादव, मोहन बरडवाल, ईश्वर लाल वर्मा आदि खिलाड़ियों ने टूनार्मेंट के सफल आयोजन में भरपूर सहयोग किया।

गुमराह करता साईन बोर्ड...

# पीडब्ल्यूडी विभाग के सड़क बोर्ड के नोटिस को देख हजारों ग्रामीणों में रोष

## सीकर जिले में प्रस्तावित करड़-बालियावास सड़क का आधा अधूरा निर्माण पोल खोल रहा मुख्यमंत्री सड़क योजना की

### सड़क बनने से पूर्ण पूर्व ही लिख दी गई समाप्ति की दिनांक

### अब बोर्ड लगाने की नियमावली के फेर में फंस रहा आमजन

गरीबों का सितारा






**सीकर/जयपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत प्रदेश के सीकर जिले में निमार्णाधीन कर-ड-बालियावास सड़क को लेकर दर्जनों गांव के हजारों लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है। लोगों की आक्रोश का कारण मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से उक्त सड़क के संबंध में स्थापित किया गया "नोटिस बोर्ड" है। नोटिस बोर्ड में उक्त सड़क को कंप्लीट करना दर्शा कर बाकायदा सड़क निर्माण करने की नियत तिथि अंकित की गई है जिसे देखकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं क्योंकि जिस सड़क को नोटिस बोर्ड में कंप्लीट करना दशार्या गया है उस सड़क का अभी एक चौथाई काम भी पूरा नहीं हुआ है इसके बावजूद जिस तरह से मौके पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बाकायदा नोटिस बोर्ड स्थापित कर सड़क को पूर्ण करना दशार्या गया है उससे स्थानीय लोग काफी खफा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सड़क का निर्माण कार्य आधा ही पूरा नहीं हुआ है तो फिर सड़क निर्माण को पूरी तरह से कंप्लीट क्यों मान लिया गया ? इस तरह का नोटिस बोर्ड लगाने के पीछे पीडब्ल्यूडी विभाग की आखिर मनसा क्या है ? स्थानीय लोग यह भी कहते हैं कि अब तो शायद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू ही नहीं होगा क्योंकि जब सड़क निर्माण के कंप्लीट होने की बाकायदा नियत तारीख तक नोटिस बोर्ड पर अंकित कर दी गई है तो फिर इसका मतलब यही है कि अब इस सड़क से न तो सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार का कोई वास्ता रह गया है और ना ही पीडब्ल्यूडी विभाग का। स्थानीय लोगों में यह भी चर्चा हो रही है कि कहीं ना कहीं उक्त सड़क के निर्माण के लिए मंजूर हुई सरकारी राशि को मिलीभगत के खेल में डकार लिया गया है, भले ही सड़क का निर्माण कंप्लीट नहीं हुआ हो लेकिन सड़क का पूरा बजट खर्च कर सरकारी कागजों में सड़क निर्माण को कंप्लीट होना दर्शा दिया गया है जिसकी झलक मौके पर स्थापित किए गए सड़क निर्माण के नोटिस बोर्ड से साफ दिख रहा है।

### नोटिस बोर्ड में कार्य पूर्ण करने की अवधि 11 मार्च 2023 अंकित करने के पीछे क्या है रहस्य

पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से मौके पर हाल ही में जो उक्त सड़क के संबंध में नोटिस बोर्ड स्थापित किया गया है उसमें सड़क निर्माण के कार्य प्रारंभ करने की तिथि 12-12-2022 और सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि 11-03-2023 अंकित की गई है ' जब सड़क का निर्माण कार्य 25 प्रतिशत ही पूरा नहीं हुआ तो फिर कार्य पूर्ण करने की तारीख विगत 11 मार्च क्यों अंकित कर दी गई ? सड़क निर्माण का अभी अधिकांश काम बाकी बचा है इसके बावजूद मौके पर सड़क के कंप्लीट होने का नोटिस बोर्ड स्थापित कर पीडब्ल्यूडी विभाग और संबंधित ठेकेदार आखिर प्रदेश की जनता और सरकार को क्या मैसेज देना चाहते हैं ? स्थानीय लोगों का कहना है कि जब नोटिस बोर्ड में सड़क निर्माण पूरा होना दर्शा कर बाकायदा तारीख तक अंकित कर दी है तो फिर साफ जाहिर है अब इस सड़क का निर्माण काम दोबारा से शुरू होगा ही नहीं क्योंकि पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क को पूरी तरह से कंप्लीट होना मान लिया है।

### 3 किलोमीटर की सड़क के लिए 38.80 लाख रुपए का बजट हुआ था स्वीकृत

यह सड़क 3 किलोमीटर बनना तय हुआ था जिसके लिए 38 लाख 80 हजार रुपए मंजूर हुए थे ' रिहैबिलिटेशन ऑफ नॉन पेचवॉल रोड के निर्माण के लिए मैसर श्री पूर्ण सिंह गब्बर वाल के साथ सरकार की ओर से कांटेक्ट किया गया था। नोटिस बोर्ड ने विगत 11 मार्च को सड़क के कंप्लीट होने की तारीख अंकित की गई है उससे लोग काफी खफा है। लोगों का आरोप है कि जब सड़क का निर्माण ही पूरा नहीं हुआ है तो फिर इस तरह का नोटिस बोर्ड पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से क्यों स्थापित किया गया।

# महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर सेकी रोटियां, गैस की कीमतें बढे पर जताया रोष

गरीबों का सितारा




**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सिलेण्डर की कीमतों में बढ़ोत्तरी के विरोध में जिला कलक्ट्रेट के सामने महिलाओं ने अनूठा प्रदर्शन करते हुए चूल्हे में रोटियां बनाकर पीएम नरेन्द्र मोदी के फोटो पर भोग लगाया। जनवादी महिला समिति के बैनर तले जिला कमेटी ने लंच विद प्राइम मिनिस्टर कार्यक्रम के तहत किये गये इस प्रदर्शन में आक्रोशित महिलाओं ने गैस चूल्हे के माला पहनाकर गैस सिलेण्डर का उपयोग न करने की बात कही। समिति की राज्य महासचिव डॉ सीमा जैन की अगुवाई में किये गये इस प्रदर्शन में विरोध प्रदर्शन अनोखे तरीके से करते हुए खाली गैस सिलेंडर को फूल माला पहनाकर, चूल्हे की अगरबत्ती की गई और ईंटो का चूल्हा बनाकर गोबर की थेपडियों से रोटियां बना कर नमक मिर्च की चटनी और रोटी का भोग प्रधानमंत्री की फोटो को लगा कर आरती उतारते हुए "मोदी सरकार तुम शर्म करो", "मोदी सरकार तुम होश में आओ", "गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतें वापस लो" के नारों से उतारी गई। महंगाई को और ज्यादा तेज करने के लिए गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी का महिलाओं ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उज्वला के नाम पर महिलाओं को बेवकूफ बनाया गया और अब लगातार दामों में बढ़ोतरी के साथ जनता का जीना बेहाल हो गया है। गरीब महिलाएं सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। जैन ने कहा कि रसोई गैस की निरंतर बढ़ती कीमतों ने आमआदमी के वार्षिक बजट को बिगाड़कर कर रख दिया है। मोदी सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपए की बढ़ोतरी कर मध्यम वर्ग की गृहणियों के साथ खिलवाड़ किया है. जिससे घरेलू महिलाओं की रसोई पर असर पड़ा है। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी से जनता जूझ रही है। फिर भी मोदी अडानी व अंबानी के साथ मिलकर अपने मित्रो को लाभ पहुंचाने में लगे है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्वला योजना चलाकर कहा था कि किसी की भी आंखे अब नहीं जलेगी। किन्तु आज लगातार बढ़ रही कीमतों ने महिलाओं के आंखों से पानी निकाल दिया है। हालात यह है कि सिलेण्डर भरा नहीं पाने के कारण मजबूरन चूल्हों में रोटियां सेकनी पड़ रही है। महिलाओं ने 3 घंटे तक धरना लगाकर चूल्हे पर रोटी बनाकर खुद खाई और दूसरों को भी खिलाई। प्रदर्शन का नेतृत्व हसीना, शांति, उर्मिला, रमजानी, मोनिका, सुगरा, मुन्नी, खातून, विमला, लक्ष्मी पाल, बिस्मिल्लाह आदि ने किया।

# सहायक अभियंता कार्यालय के ताला लगाकर जल कर्मियों ने दिया धरना

## वेतन नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

गरीबों का सितारा



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के भैरुजी मोड़ स्थित जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय पर सोमवार को विभाग में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों के द्वारा वेतन भुगतान की मांग को लेकर करीब एक घंटे तक सहायक अभियंता कार्यालय के ताला लगाकर सांकेतिक धरना दिया। जिससे कस्बे की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई। इसके बाद सहायक अभियंता कविता चौधरी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप कर सुचारू रूप से कार्य में जुट गए। विभाग के प्राइवेट कर्मचारी हनुमान प्रसाद व प्रियंका पुनिया ने बताया कि पिछले एक साल से वेतन नहीं मिल पाया है जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है विभाग के अधिकारियों के पास समस्या लेकर जाते हैं तो आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। रींगस सहायक अभियंता कार्यालय के अधीन पंप हाउस व विभागीय कार्यालय में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों ने इस माह के अंत तक भुगतान नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी। इस संबंध में सहायक अभियंता कविता चौधरी का कहना है कि कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए बिल डिवीजन कार्यालय नीमकाथाना भिजवा दिए लेकिन डिवीजन कार्यालय में बिलों का कार्य लंबित चलने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रियंका पूनिया, हनुमान प्रसाद, नरेंद्र कुमार पूनिया, राजेश कुमार कुड़ी, महेंद्र सिंह पूनिया, दामोदर प्रसाद स्वामी, सुभाष जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com